www.navpradesh.com

नव प्रदेश

रायपुर, बुधवार 28 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-168 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ

मंत्री टीएस सिंहदेव ने सदन छोड़ा..

जब तक सरकार का अधिकारिक जवाब नहीं तक सदन नहीं लौटेंगे...

सदन में मंत्री टीएस सिंहदेव ने बड़े ही भावुकता से कहा कि जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, मैं इस पवित्र सदन में खुद को बैठने लायक नहीं समझता।

नवप्रदेश ब्यूरो

रायपुर। विधानसभा के दूसरे दिन आज टीएस सिंहदेव और बृहस्पति सिंह का मुद्दा फिर छाया रहा। प्रश्नकाल के बाद गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जवाब के बाद टीएस सिंहदेव यह कह कर सदन छोड़कर चले गए जब तक इस मसले पर सरकार का जवाब नहीं आ जाता वे सदन में नहीं आएंगे। हालांकि इससे पहले गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने जवाब के रूप में वही घटनाक्रम दौहराया जिसे विधायक बृहस्पति सिंह के फॉलोगार्ड ने अपनी एफआईआर में दर्ज कराया था। गृहमंत्री के मुताबिक किसी विधायक पर कोई हमला नहीं हुआ है बल्कि उसके फॉलोगार्ड के साथ कुछ लोगों का विवाद हुआ जिसकी रिपोर्ट पर सभी की गिरफ्तारी हो गई। गृहमंत्री के इस जवाब के बाद मंत्री टीएस सिंहदेव सदन छोड़कर चले गए और जब तक सरकार इस मसले पर अधिकारिक बयान नहीं दे देती तबतक सदन में उपस्थित नहीं होने की बात कह गए। गौरतलब है कि कल भाजपाई हंगामे के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार को जवाब देने के लिए आज का समय निर्धारित किया था। लेकिन गृहमंत्री द्वारा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्ष के हंगामे के बाद सदन स्थगित

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के सदन से वाकआउट के बाद विपक्ष ने सरकार को घेरा और हंगामा करने लगे। सदन में विपक्ष हंगामा करते हुए व्हेल में प्रवेश कर गए जिसके बाद स्वमेव ही विपक्ष के सदस्य बर्खास्त हो गए। आसंदी के कहने के बावजूद भी जब विपक्ष शांत नहीं हुआ तब जाकर आसंदी ने बुधवार तक के लिए मानसून सत्र को स्थगित कर दिया।

सीएम बघेल की बैठक में नहीं निकला निराकरण

उधर विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मंत्रियों की आपात बैठक हुई जिसमे पहले तो मंत्री सिंहदेव शामिल नहीं हुए। लेकिन मंत्रिमंडल की बैठक शुरू होते ही एआईसीसी के निर्देश पर मुख्यमंत्री ने सिंहदेव को शामिल होने फोन किया, जिसके बाद टीएस सिंहदेव दुबारा विधानसभा पहुँच मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल भी हुए। करीब डेढ़ घंटे तक चली मैराथन बैठक में वर्चुअल रूप से प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया भी सम्मिलित हुए थे। बैठक समाप्त होने के बाद मीडिया से मंत्री सिंहदेव ने केवल दो टूक कहा कि कई बातें भविष्य के गर्भ में है, बाकी बात मुख्यमंत्री बताएँगे। इतना ही कहते हुए सिंहदेव विधानसभा से रवाना हो गए हैं। वहीं सरकार के प्रवक्ता और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि कोई भी नाराजगी सिंहदेव साहब की ओर से नहीं है। पूरा मामला सुलझा लिया जाएगा। हालांकि माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिमंडल की हुई बैठक में सिंहदेव और बृहस्पत सिंह के मामले पर कोई भी निराकरण नहीं निकला है, क्योंकि सिंहदेव मंत्रिमंडल की बैठक से निकले तो उनके चेहरे पर नाराजगी साफ झलक रही थी। माना जा रहा है कि सरकार की ओर से कल यानी बुधवार को विधानसभा में इसी मामले पर वक्तव्य रखा जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष ने मंत्रिमंडल से मांगा इस्तीफा

मंत्री सिंहदेव और बृहस्पत सिंह के मामले में नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूरे हिंदुस्तान में यह पहली घटना होगी कि चलते हुए विधानसभा में सत्ता पक्ष के कद्दावर मंत्री सरकार के ऊपर अपने ही स्पष्टीकरण को लेकर सवाल उठाते हैं और इसके बाद मंत्री का आसंदी के विराजमान होने के बावजूद भी सदन से बाहर चले जाना सरकार पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। धरमलाल कौशिक ने कहा कि आज जो सदन में घटना दिखाई दी को केवल 1 दिन की नहीं है, बल्कि यह कई दिनों से कांग्रेस के भीतर सुगबुगाहट चल रही थी जो अब यह स्थिति स्पष्ट हो कर सामने आई है। अब ऐसी स्थिति में इस सरकार को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को इस्तीफा दे देना चाहिए।

कांग्रेस की अंतर्कलह अब जगजाहिर : डॉ.रमन

सदन के स्थगित होने के बाद विपक्ष के सदस्य मीडिया से चर्चा करते हुए सिंहदेव और बृहस्पत के मामले को शर्मनाक बताया और सरकार की कड़ी निंदा भी की। इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि ढाई साल आते-आते राज्य सरकार पूरी तरह से बिखर चुकी है, जो आज सदन के भीतर भी देखने को मिला है। रमन सिंह की माने तो सरकार का मंत्री यदि अपने सरकार पर ही अविश्वास प्रकट करता है तो इससे बड़ी बात और कुछ नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब एक मंत्री का विश्वास सरकार से उठ गया हो तो प्रदेश की 2 करोड़ 70 लाख जनता इस सरकार पर कैसे भरोसा जता सकती है। अब ऐसी स्थिति में सरकार कटघरे में खड़ी है। रमन ने कहा कि कांग्रेस के भीतर अंतर्कलह है, अब जगजाहिर हो चुकी है। कांग्रेस में एक दूसरे पर विरोधाभास की चरम स्थिति दिखाई दे रही है। रमन सिंह ने सिंहदेव के द्वारा सदन में दिए गए बयान को दोहराते हुए कहा कि यह बयान सीधे तौर पर मुख्यमंत्री पर सवालिया निशान लगाता है ऐसे में पूरी सरकार कटघरे में खड़ी है।

बृहस्पत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी
उचित जवाब नहीं देने पर होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। इस पुरे मामले में एआईसीसी ने हस्तक्षेप करते हुए प्रभारी पुनिया को निर्देशित किया। सीएम हाउस में हुए बैठक के बाद पीएल पुनिया ने बृहस्पत सिंह द्वारा लगाए गए आरोप पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस जारी करते हुए पुनिया ने कहा की बृहस्पत सिंह पकारण बताओ नोटिस का जवाब दें। यदि जवाब संतुष्टि पूर्ण नहीं होता है तो उन पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई निश्चित है। आपको बता दें कि बुधवार को विधानसभा में सरकार की ओर से इस मामले में पक्ष रखा जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इतिहास की पहली शर्मनाक असंसदीय घटना : बृजमोहन

इधर पूर्व मंत्री और भाजपा के कद्दावर विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए सरकार की भर्त्सना की। बृजमोहन ने कहा कि एक मंत्री का सरकार पर सवाल उठाना शायद यह विश्व के इतिहास में पहली बार है। ऐसे में जब एक मंत्री यह कहता है कि उनकी स्थिति जब तक उन्हीं की सरकार स्पष्ट ना करें तब तक वे सदन में मौजूद नहीं होंगे, इतना बड़ा लांछन सरकार पर लगाना घोर निंदनीय है। बृजमोहन ने कहा कि हमें इसकी भनक थी इसलिए आसंदी से हमने गुजारिश भी की थी कि सदन की कमेटी से इस मामले की जांच की जाये, लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण ही आज ये स्थिति उत्पन्न हुई है। बृजमोहन अग्रवाल ने सीधे तौर पर इस पूरे मामले की जिम्मेदारी सरकार पर डालते हुए कहा कि इस सरकार का प्रभाव और दबाव पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। ऐसे में उन्हें सरकार में बने रहना उचित ही नहीं है।

आज बेबाक

इसे ही कहते है काम कौड़ी का नहीं और फुर्सत घड़ी को नहीं। मननीय सांसद इन दिनों हंगामा करने में व्यस्त है। एक सप्ताह से संसद में एक धेले का भी काम नहीं हुआ है जबकि संसद की कार्यवाही पर प्रति मिनट लगभग 3 लाख रूपए खर्च होता है। मतलब सात दिनों में करोड़ों की चपत लग चुकी है। कायदे से तो इन सभी हंगामाजीवी माननीयों का वेतन भत्ता काट दिया जाना चाहिए और इनके लिए जितना काम उतना दाम की नीति बनानी चाहिए। इसके बाद भी यदि ये नहीं सुधरते तो इनकी सदस्यता खत्म करने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

खास-खबर

लोकसभा की कार्यवाही आठवीं बार स्थगित

नई दिल्ली (वार्ता)। पेगासस जासूसी कांड, किसानों की समस्याओं, महंगाई आदि मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा में कामकाज आज लगातार बाधित होता रहा और कार्यवाही आठ बार स्थगित करनी पड़ी।

केंद्र सरकार की दो टूक-

नहीं छिपाया कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक रिपोर्ट का जवाब दिया, जिसमें दावा किया गया था कि भारत में अब तक कोरोनो वायरस बीमारी (कोविड -19) के कारण कम से कम 27 से 33 लाख लोगों की मौत हुई है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार अपने दृष्टिकोण में पारदर्शी रही है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, यह स्पष्ट किया जाता है कि केंद्र सरकार कोविड -19 डेटा प्रबंधन के अपने दृष्टिकोण में पारदर्शी रही है और कोविड -19 संबंधित सभी मौतों को रिकॉर्ड करने की एक मजबूत प्रणाली पहले से मौजूद है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निरंतर आधार पर डेटा अपडेट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।'' सरकार ने उस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें सात से आठ गुना अधिक मौतों का दावा किया गया था। बयान में आगे कहा गया है कि क़ानून आधारित नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) की मजबूती देश में सभी जन्म और मृत्यु को पंजीकृत करना सुनिश्चित करती है। सीआरएस डेटा संग्रह, डेटा का मिलान और संख्याओं को प्रकाशित करने की प्रक्रिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोविड -19 मौतों की रिकॉर्डिंग में देरी संभव

सरकार ने समझाया, कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के चरम के दौरान, अप्रैल और मई में, कोविड -19 मौतों की रिकॉर्डिंग में देरी संभव है, क्योंकि स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले मामलों पर केंद्रित किया गया था। हालांकि, बाद में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा इनका समाधान किया गया। टोरंटो विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ रिसर्च के डॉ प्रभात झा और संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में डार्टमाउथ कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के डॉ पॉल नोवोसाद ने यह रिसर्च पेपर लिखा था। भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम द्वारा सह-लेखक एक अलग रिपोर्ट ने महामारी के दौरान 49 लाख अतिरिक्त मौत होने का अनुमान लगाया था।

देश के किसानों पर है 17 लाख करोड़ का कर्ज

■ किसानों की कर्जमाफी को लेकर फिलहाल सरकार की कोई भी योजना नहीं है

नई दिल्ली/ए.। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश के किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी कई मौकों पर कह चुके हैं कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरे तन-मन से काम कर रही है। हालांकि, किसानों की बात हो और उनके कर्जमाफी का मुद्द न उठे ऐसा कम ही होता है। अब ये मुद्दा संसद मे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यवार कर्जदार किसानों की संख्या और उन पर कर्ज (करोड़ों में)

इन 5 राज्यों के किसानों पर सबसे ज्यादा कर्ज

- तमिलनाडु- 189623.56 करोड़
- आंध्र प्रदेश- 169322.96 करोड़
- उत्तर प्रदेश- 155743.87 करोड़
- महाराष्ट्र- 153658.32 करोड़
- कर्नाटक- 143365.63 करोड़

इन 5 प्रदेशों के किसानों पर सबसे कम कर्ज

- दमन और दीव- 40 करोड़
- लक्षद्वीप- 60 करोड़
- सिक्किम- 175 करोड़
- लद्दाख- 275 करोड़
- मिजोरम- 554 करोड़

इन 5 राज्यों में सबसे कम संख्या में किसान कर्जदार

- दमन और दीव- 1,857 किसान
- लक्षद्वीप- 17,873 किसान
- सिक्किम- 21,208 किसान
- लद्दाख- 25,781 किसान
- दिल्ली- 32,902 किसान

सबसे ज्यादा संख्या में किसान कर्जदार

- तमिलनाडु- 1,64,45,864 किसान कर्जदार
- उत्तर प्रदेश- 1,43,53,475 किसान कर्जदार
- आंध्र प्रदेश- 1,20,08,351 किसान कर्जदार
- कर्नाटक- 1,08,99,165 किसान कर्जदार
- महाराष्ट्र- 1,04,93,252 किसान कर्जदार

पंजाब में 590 कारोड़ कर्ज माफ

हाल ही में पंजाब सरकार ने किसानों के 590 करोड़ रुपये के कर्ज को माफकरने का ऐलान किया है। ये कर्जमाफी मजदूरों और भूमिहीन कृषक समुदाय के लिए कृषि कर्ज माफी योजना के तहत करने की घोषणा की गई है। बता दें कि पंजाब में इस योजना के तहत अब तक 5.64 लाख किसानों का 4,624 करोड़ रुपये का कर्ज माफकिया जा चुका है।

भारत-श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 मैच स्थगित

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या कोरोना पॉजिटिव निकले हैं, जिसकी वजह से भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को होने वाले दूसरे टी-20 मैच को स्थगित कर दिया गया है। फिलहाल भारत के सभी खिलाड़ी आइसोलेशन में हैं और अगर सभी का टेस्ट नेगेटिव आता है तो बुधवार को दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। इस बात को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी कंफर्म कर दिया है।

कोरोना पॉजिटिव निकले क्रूणाल पांड्या

आजादी के अमृत महोत्सव में सबकी भागीदारी हो : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों का आज आह्वान किया कि वे देश की आज़ादी के अमृत महोत्सव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अगले 25 साल में देश में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिमान स्थापित करने के लिए जनता की राय जानें। संसद के मानसून सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह आह्वान किया। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बैठक की जानकारी देते बताया कि श्री मोदी ने अगले वर्ष 15 अगस्त को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर अमृत महोत्सव में सांसदों की भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि लोगों ने हमें एक मौका दिया है कि हम जनसेवा के माध्यम से देशसेवा का अनुभव ले सकें। सांसदों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर व्यक्ति इससे जुड़े और कोई छूटे नहीं।

श्री मेघवाल के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में हमारा देश आज़ादी के सौ वर्ष पूर्ण करेगा।

मुलाकात बंगाल चुनाव जीतने के बाद पहलीबार ममता बनर्जी से पीएम मोदी की वन टू वन मुलाकात

पीएम से मीटिंग के बाद ममता ने उठाया पेगासस पर सवाल

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार से चल रहे टकराव के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक यह बैठक चली है। पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजे आने के बाद यह पहला मौका है जब ममता बनर्जी से पीएम मोदी की वन टू वन मुलाकात हुई है।

इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रणनीतिकार कहे जाने वाले प्रशांत किशोर और कांग्रेस नेता कमलनाथ से भी मुलाकात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए ममता बनर्जी लोककल्याण मार्ग पहुंची थीं।पीएम से हुई मुलाकात पर ममता बनर्जी ने कहा है कि यह एक सामान्य मुलाकात थी। इस मुलाकात में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कोविड-19 को लेकर पीएम मोदी से चर्चा की। ममता बनर्जी ने इस मुलाकात के बारे में कहा है कि इस दौरान उन्होंने राज्य के लिए अतिरिक्त वैक्सीन मांगा है। इसपर पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की सीएम को राज्य के लिए और वैक्सीन दिये जाने का भरोसा दिलाया है।

पीएम मोदी से इस मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि पेगासस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच होनी चाहिए। बता दें कि पेगासस जासूसी कांड को लेकर ममता बनर्जी शुरू से ही केंद्र सरकार पर हमलावर रही हैं। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज एम बी लोकुर और कोलकाता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज ज्योतिर्मयी भट्टाचार्य के नेतृत्व में एक कमीशन का गठन किया है जो पिछले दिनों कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों के फोन टैपिंग और हैकिंग के मामले की जांच करेगा। ममता की मोदी से मुलाकात ऐसे समय हुई है जब ममता पेगासस जासूसी विवाद और मीडिया हाउसेज पर रेड जैसे मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं।

पेगासस मामले की जांच के लिए पत्रकारों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली (वार्ता)। वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार ने पेगासस जासूसी कांड की स्वतंत्र जांच कराने की उच्चतम न्यायालय से गुहार लगायी है। श्री राम, श्री कुमार और कुछ अन्य पत्रकारों ने न्यायालय से पेगासस मामले की वर्तमान न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि विपक्ष के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और न्यायाधीश सहित बड़ी संख्या में प्रमुख हस्तियों की जासूसी की गयी है।

सरकार लोकतांत्रिक तरीके से समस्या के समाधान को तैयार नहीं : विपक्ष

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने कहा है कि सरकार, किसानों के मुद्दे, जासूसी तथा अन्य समस्याओं के समाधान के लिए तैयार नहीं है और वह लोकतांत्रिक तरीके से किसी भी मुद्दे को सुलझाना नहीं चाहती है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने मंगलवार को यहां संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि सरकार तानाशाही कर रही है और लोकतांत्रिक तरीके से किसी भी मसले का समाधान करने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना था कि जब फ्रांस, इजरायल जैसे कई देश जासूसी प्रकरण पर जांच बिठा चुकी है तो मोदी सरकार इससे क्यों भाग रही है। ह्यउन्होंने कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं पर बात ही नहीं करना चाहती है। विपक्षी दल सरकार से हर समस्या पर बात करने को तैयार नहीं है लेकिन सरकार अडी हुई है और वह लोकविरोधी फैसले ले रही है जिसकी उसे इजाजत नहीं दी जा सकती है।

समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने कहा कि सम्पूर्ण विपक्ष चाहता है कि सरकार खुद सामने आये जो मुद्दे हैं उनके समाधान के लिए विपक्ष के साथा बात करे लेकिन दुर्भाग्य से सरकार किसानों तथा जनहित के मुद्दों पर बात करने को तैयार नहीं है।

2 अगस्त से स्कूल आरंभ करने कलेक्टर भूरे ने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए मुकम्मल तैयारियों के साथ ही अभी उपलब्ध समय में निर्माण कार्यों एवं अन्य विभागीय गतिविधियों पर फोकस करें। बच्चों की पढ़ाई को देखते हुए शासन ने एहतियात के साथ एवं प्रोटोकाल का पालन करते हुए 2 अगस्त से स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। इसे देखते हुए अपनी तैयारियां पूरी कर लें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि स्कूल खोलने के संबंध में पालक समितियों की स्वीकृति ले लें। 50 प्रतिशत का रोस्टर होना चाहिए। जो स्कूल नहीं आना चाहते उन्हें बाध्य न करें। इसके साथ ही स्कूल खुलने से पूर्व सभी निजी एवं शासकीय स्कूलों का सैनिटाइजेशन करा लें। इसके साथ ही किसी भी तरह की टूट-फूट हो तो उसकी मरम्मत कर लें। बैठक में अपर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, रिसाली आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन की समीक्षा भी की। उन्होंने सभी अस्पतालों में आक्सीजन पाइपलाइन अथवा सिलेंडर की स्थिति, जनरेटर, एंबुलेंस, सर्जिकल यूनिट की तैयारियों के बाबत पूछा। उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें।

शुद्ध पेयजल सबसे महत्वपूर्ण, ईकोलाई की जाँच के लिए भेजें सैंपल

कलेक्टर ने कहा कि बरसात के मौके पर मौसमी बीमारियाँ फैलने की आशंका रहती है। इसके लिए जरूरी है कि सभी नगरीय निकाय एवं बड़े गाँवों से सैंपल पीएचई विभाग में जाँच के लिए नियमित रूप से भेजते रहें। उन्होंने कहा कि सैंपल की मात्रा अधिक होनी चाहिए। जिन नगरीय निकायों ने कम सैंपल भेजे हैं वे सैंपल की संख्या बढ़ाएं। पानी में ई.कोलाई जैसे बैक्टीरिया की पहचान के लिए नियमित रूप से सैंपल भेजना एवं पर्याप्त संख्या में भेजना बेहद जरूरी है। इस सबसे अहम नागरिक सुविधा पर काम की मानिटरिंग नियमित रूप से करें।

निगम ने 10 घंटे में ही शुरु कर दिया जलप्रदाय

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत गौरवपथ रामलू चौक के पास मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण इसका संधारण किया जाना आवश्यक हो गया था। जिसके लिए पूरी योजना के अनुरूप 26 जुलाई शटडाउन करते हुए प्रातः से ही गड्ढे की खुदाई कर पाइप लाइन की पानी निकासी की गई। पानी निकासी के लिए मोटर पंप का उपयोग किया जिससे पाइप से पानी निकालने में समय की बचत हुई। संपूर्ण पानी की निकासी होने के बाद पाइप लाइन की कटिंग करते हुए एमजे कॉलर लगाया गया। शाम के 7 बजे संधारण कार्य पूर्ण हो चुका था। जलकार्य विभाग की निगरानी में निगम के 10 कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए थे। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी इसका निरंतर फीडबैक लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। परिणाम स्वरूप संधारण कार्य जिसके लिए दो दिवस लगने वाले थे केवल 10 घंटे में ही पूरा कर लिया। यह पहली दफा नहीं हुआ है इससे पूर्व भी टीमवर्क से समय से पहले संधारण का कार्य किया जा चुका है। निगम क्षेत्र में जलापूर्ति के कार्य को प्राथमिकता के तौर पर हमेशा रखा गया है। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए निगम ने सदैव तत्परता से कार्य किया है। शिवनाथ इंटकवेल, फिल्टर प्लांट, उच्च स्तरीय जलागार से लेकर पाइप लाइन के माध्यम से घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु में भी पेयजल की समस्या नहीं हुई। इसका एक कारण यह भी है कि उपकरणों का समय पर जांच एवं आवश्यक संसाधन की उपलब्धता और अधिकारियों की मानिटरिंग के चलते निरंतर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। जल शोधन संयंत्र के लैब में 3 दफा पानी की शुद्धता की जांच की जाती है।

न्यूज गैलरी

बीएसपी का मासिक किश्त की वसूली बंद

भिलाई। इस्पात संयंत्र के पे-रोल से आर डी और पीपीएफ खातों में जमा की जाने वाली राशि जुलाई के बाद से सीधे आईबीएसबी डाकघर में डाकघर काउंटरों के माध्यम से किए जाएंगी। आरडी और पीपीएफ जमाकर्ताओं 30 सितम्बर 2021 या परिपक्वता तिथि जो भी पहले हो से पहले सीटीडी सेल से अपनी पासबुक प्राप्त करें और सीधे पोस्ट मास्टर, आईबीएसबी, भिलाई से संपर्क करें। आईबीएसबी डाकघर (सेक्टर-3, ओल्ड रखरखाव कार्यालय में स्थित और बीएसपी कर्मचारियों के आरडी, पीपीएफ जमा से संबंधित) को कोर बैंकिंग सॉल्युषन (सीबीएस) में सरकार के दिषा-निर्देषों के अनुसार माइग्रेट किया जा रहा है और बीएसपी से थोक प्रेषण उनके द्वारा स्वीकार नहीं किया जा रहा है इसलिए बीएसपी कर्मचारियों की पेरोल प्रणाली के माध्यम से आरडी और पीपीएफ की वसूली जुलाई, 2021 (अगस्त, 2021 में देय) के महीने से रोक लगाई जा रही है। सीबीएस में स्थानांतरण के बाद सभी जमा/आहरण लेनदेन सीधे आईबीएसबी डाकघर में डाकघर काउंटरों के माध्यम से किए जाएंगे। इस कारण बीएसपी पेरोल सिस्टम के माध्यम से सभी मौजूदा आरडी और पीपीएफ जमाकर्ता 30 सितम्बर, 2021 से पहले सीटीडी सेल से अपनी पासबुक प्राप्त करें और अपने सीबीएस कृत आरडी और पीपीएफमें जमा/निकासी दिषा-निर्देषों तथा जानकारी हेतु संपर्क करें।

पीड़ित परिवार को दोषी तत्वों से छुटकारा दिलाने लगाई गुहार

धर्मांतरण मामले में बजरंग दल ने हल्ला बोला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। धर्म परिवर्तन के एक कथित मामले के खिलाफ बजरंग दल ने मोहन नगर पुलिस थाना में प्रदर्शन कर दोषी पादरी, उसकी पत्नी व बच्चों को गिरफ्तार कर अपराधिक मामला दर्ज करने मांग की हैं। प्रदर्शन में धर्म परिवर्तन से पीड़ित जयंतीनगर निवासी साहू परिवार के सदस्य भी शामिल हुए और आपना आक्रोश ज़ाहिर किया। प्रदर्शन बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर पीड़ित परिवार को धर्मांतरण कराने वाले तत्वों के चुंगल से जल्द बाहर नहीं निकाला गयाए तो बजरंगी मामले को लेकर उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे। प्रदर्शन उपरांत बजरंग दल द्वारा सीएसपी विवेक शुक्ला और मोहन नगर पुलिस थाना प्रभारी को मामले से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया हैं। सीएसपी शुक्ला ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। सीएसपी से आश्वासन मिलने के बाद बजरंगियो ने शांत होकर अपना प्रदर्शन खत्म किया। बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में क्रिश्चिन धर्म को मानने वाले कुछ लोगो द्वारा गरीब परिवारों को आर्थिक प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण करवाया जा रहा हैं। इस धर्मांतरण का शहर प्रमुख केंद्र बना हुआ है। धर्मांतरण की ऐसी घटना मोहननगर थानांतर्गत क्षेत्र जयंती नगर में सामने आई है। यहां के साहू परिवार की एक महिला व उसके एक बच्चे को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया गया है। महिला व बच्चे के धर्मांतरण उपरांत साहू परिवार बिखर गया हैं।

निष्पादन व्यवस्था की हो जांच

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। सड़कों पर हुए गढ्डे और उसमें बारिश का पानी भरने की वजह से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने निगम आयुक्त ने सब इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी है। छोटी बड़ी सड़कों का पहले सर्वे किया जाएगा। इसके बाद सड़क पर हुए गढ्डों को फिलिंग करने का कार्य शुरू किया जाएगा। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने निर्देश दिए है कि बारिश की वजह से पुराने सड़कों की स्थिति खराब हो जाती है। मामूली गढ्डों का आकार बड़ा होने के बाद उसमें पानी भर जाता है। जो दुर्घटनाओं को जन्म देते है। आयुक्त ने ऐसे सड़क को चिन्हित कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करते हुए उसे स्थाई रूप से फिलिंग करने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सभी वार्ड के प्रभारी सब इंजीनियर को एक सप्ताह के भीतर सर्वे कर कार्य आरंभ करने कहा है। आयुक्त ने कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री, कलेक्टर जनदर्शन निदान में आए शिकायतों का त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए है। बैठक में नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, सहायक अभियंता राजकुमार जैन, अधीक्षक देवव्रत देवांगन, सब इंजीनियर उमयंती ठाकुर, डिगेश्वरी चंद्राकर, हिमांशु कावड़े, अखिलेश गुप्ता, एसके सिंह भदौरिया, गोपाल सिन्हा, लेखा अधिकारी ऐमन चंद्राकर, स्वास्थ्य प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा व सुरेश देवांगन आदि मौजूद थे।

इंडक्शन का आयोजन.. महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियो को मेंटल हेल्थ ट्रेनिंग हेतु भेजा जाता सीआईपी राँची...

करियर के लिहाज से भी नर्सिंग बढ़िया प्रोफेशन: डॉ. भुरे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि भुरे थीं। डॉ. भुरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए सीख दी कि आज के समय में चुनौतियों की सामना पूरी दृढ़ता से करना होगा एवं नर्सिंग प्रोफेशन का महत्व समझाते हुए विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ाया व मार्गदर्शन दिया। अपोलो कॉलेज के संचालक संजय अग्रवाल, डॉ. मनीष जैन व आशीष अग्रवाल, प्राचार्य पीइमैन्युवल, उपप्राचार्या प्रभा पाण्डेय, वरिष्ठ शिक्षकगण जिया सजीव, पूर्णिमा दास, जॉन सुसीकरण व अन्य शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति देते हुए विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान पूर्णिमा दास वरिष्ठ शिक्षिका ने छात्राओं को कॉलेज में चलने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों व सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में प्रतीक योनाथन वरिष्ठ शिक्षक नें मुख्य अतिथि डॉ. भुरे को धन्यवाद ज्ञापन दिए। उल्लेखनीय है कि सत्र 2008 से अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग की स्थापना की गई। छात्र एवं छात्राओं को क्लिनिकल प्रशिक्षण हेतु जेएलएनआरसी सेक्टर-9 द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। हमारे महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष शत प्रतिशत रहता है। महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को मेंटल हेल्थ ट्रेनिंग के लिए सीआईपी राँची भेजा जाता है। विद्यार्थी यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित कर महाविद्यालय को गौरवन्वित करते आ रहे है थीं। मुख्य अतिथि डॉ. भुरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए सीख दी कि आज के समय में चुनौतियों की सामना पूरी दृढ़ता से करना होगा एवं नर्सिंग प्रोफेशन का महत्व समझाते हुएए विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ाया व मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्णिमा दास ने छात्राओं को कॉलेज में चलने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों व सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में प्रतीक योनाथन नें डॉ. भुरे को धन्यवाद ज्ञापन दिए। सत्र 2008 से अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग की स्थापना की गई।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जोस्फिन लाल पति एस.के लाल निवासी खम्हरियाभाठा जेवरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम खपरी प.ह.नं. 11 में अपने नाम पर स्थित भूमि खसरा नबर 122 रकबा 1.050 हे. भूमि भूमिस्वामी हक पर दर्ज है जिसमें खातेदार का नाम त्रुटिवश जाफिन बाई दर्ज होने पर सुधार कर वास्तविक नाम जोस्फिन लाल पति एस.के. लाल दर्ज किए जाने न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर/दावा पेश करना हो तो दिनांक 11.08.2021 तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप कुमार पिता नंदू साह निवासी मुजफ्फरपुर बिहारी के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम अंजोरा ख प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 145/3 रकबा 0.280 हे. मे से 1393.8 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 12.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700411

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक राठी पिता दुर्गाप्रसाद राठी निवासी ग्राम गंजपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 504/4, 504/10 रकबा 0.017, 0.017 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार कमला देवी राठी पति दुर्गादास राठी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700317

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल मंडल पिता वकील मंडल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/24 रकबा 0.014 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता दिलीप मंडल पिता वकील मंडल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 14.07.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चंद्रकला सिंह पति ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 508/10 रकबा 0.018 हे. भूमि को विक्रेता प्रसन्न कुमार जैन वगै. पिता खेमचंद जी जैन निवासी ग्राम चांदनी चौक सदर बाजार धमधा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका परबत्त बाई आ./पति दौवाराम साकिन कसारीडीह दुर्ग के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.522 हे. भूमि निशि गुप्ता आ./पति दिलीप गुप्ता से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 16.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 24.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400394

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री तेजराम ठाकुर आ. फिरंगीराम ठाकुर निवासी परना द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 116/18 रकबा 0.0280 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700389

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनहरण साहू पिता स्व. दसऊ साहू निवासी ग्राम हरनाबांधा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1009/31 रकबा 0.0040 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता बैसाखिन बाई अन्य 04 पति स्व. दसरु साहू निवासी ग्राम हरनाबांधा दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 18.06.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तोरण लाल देवांगन आ. स्व. श्यामलाल देवांगन निवासी ग्राम विजयनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1267/61 रकबा 0.003 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार चमरुलाल आ. श्यामलाल देवांगन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री ओमप्रकाश जागडे आ. श्यामलाल उर्फ अवधराम ग्राम गोडपेडरी तह. पाटन द्वारा ग्राम गोडपेडरी प.ह.न. 23 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 82/1 रकबा 0.16 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में श्यामलाल आ. कपीलनाथ का नाम दर्ज है। खातेदार की दिनांक 14.04.2019 को फौत हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 26.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका वंदना चंद्राकर आ. भगवान सिंह पत्नि विश्वास चंद्राकर निवासी अंडा तह. व जिला दुर्ग द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमती मनीषा ठाकुर व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 पाटन जिला दुर्ग के व्यवहार वाद क्रमांक 03ए/2021 पक्षकार वंदना चंद्राकर विरुद्ध भगवान सिंह व अन्य निर्णय दिनांक 12.07.2021 में पारित आदेशानुसार ग्राम धौराभाठा प.ह.न. 26 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 1987/1 रकबा 2.77 हे. भूमि का स्वत्वधारी/आधिपत्यधारी घोषित किए जाने के आधार पर बटवारा की कार्यवाही किए जाने आवेदन पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार आ. स्व. सुदामा साहू निवासी गोडपेडरी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम गोडपेडरी प.ह.न. 23 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 759, 760/1, 792/1, 793, 1153/2, 1160, 1453, 1542/3, 1549/2 रकबा कुल 2.21 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में सुदामा आ. टेकसिंग के नाम पर दर्ज है। उनकी मृत्यु दिनांक 11.04.2021 को हो जाने से कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसान का नाम दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29.07.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 09.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700410

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कल्पना त्रिवेदी वगै. पति स्व. अजय कुमार त्रिवेदी निवासी ग्राम प्रेमनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1332/29 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार शांति देवी त्रिवेदी पति अजय त्रिवेदी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700424

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय कुमार सिंह पिता स्व. श्यामा प्रसाद सिंह निवासी ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 964/2, 964/3, 964/4 रकबा 0.020, 0.020, 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900064
विषयः अ-27 वर्ष 2020-21
पाटन प.ह.न.00038 (682(0.7900 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- सुमीत्रा उर्फ सुनीता
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.न. 38 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिकागण सुमीत्रा उर्फ सुनीता पिता रामरत्न अन्य निवासी ग्राम ठेलकाबांधा तहसील अभनपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 38 स्थित अपने एवं अन्य सहखातेदारों के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 682 रकबा 0.79 हे. कास्त कब्जा आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिकगण सुमीत्रा उर्फ सुनीता पिता रामरत्न अन्य द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि खाता विभाजन किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 11.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दाव/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पुसउराम आ. पतरु राम निवासी सदभावना चौक उतई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम पतोरा प.ह.न. 26 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 1587, 1588, 1595 रकबा क्रमशः 0.12, 0.16, 0.29 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.57 हे. भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि को विक्रेता बिकीलाल आ. बंशीलाल गोड से दिनांक 23.10.1978 को पंजीकृत बैनामा से क्रय कर काबिज है। राजस्व रिकार्ड में पुसउराम आ. पाहरु दर्ज है। आधार कार्ड ऋणपुस्तिका में पुसउराम आ. पतरु दर्ज है। आधार कार्ड में दर्शित नाम अनुसार खाता दुरुस्ती हेतु आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीरा सिंह पति श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी म.न. 11/48 वार्ड 60 प्रथम बटालियन भिलाई जिला दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 296/271 रकबा 0.009 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार मीरा सिंह पति बीरेन्द्र प्रताप सिंह से दिनांक 17.11.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 26.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं शपथकर्ता राजेश कुमार सहारे (RAJESH KUMAR SAHARE) आ. स्व. मनराखन लाल सहारे निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी डॉ. आर.एस. जोशी के घर के पास सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र में पद टेक्नीशियन विभाग आर.एस.एम में पदस्थ हूं। मेरा पर्सनल नं. 402930 है। मेरे आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेस इत्यादि में मेरा नाम राजेश कुमार सहारे (RAJESH KUMAR SAHARE) आ. स्व. मनराखन लाल सहारे दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मेरे भिलाई इस्पात संयंत्र के दस्तावेज एवं शैक्षणिक रिकार्ड में मेरा नाम राजेश कुमार (RAJESH KUMAR) आ. स्व. मनराखन लाल दर्ज है। जो कि मेरे घरेलू नाम है, जबकि मेरा सही एवं वास्तविक तथा विस्तारित नाम राजेश कुमार सहारे (RAJESH KUMAR SAHARE) आ. स्व. मनराखन लाल सहारे है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज है। राजेश कुमार सहारे (RAJESH KUMAR SAHARE) आ. स्व. मनराखन लाल सहारे एवं राजेश कुमार (RAJESH KUMAR) आ. स्व. मनराखन लाल दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का नाम है। मैं अपने भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विस रिकार्ड में अपना पूरा नाम राजेश कुमार सहारे (RAJESH KUMAR SAHARE) आ. स्व. मनराखन लाल सहारे दर्ज करवाना चाहता हूं एवं भविष्य में मैं इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाउंगा। यह शपथपत्र नया नाम राजेश कुमार सहारे (RAJESH KUMAR SAHARE) आ. स्व. मनराखन लाल सहारे को छग राजपत्र में प्रकाशन कराने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
RAJESH KUMAR SAHARE

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ज्ञापन

मा.क्रं. 202103101000018
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- प्रदीप दुबे
अनावेदक पक्षकार-

हल्का पटवारी ग्राम कुरुद विषय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

आवेदक श्री प्रदीप दुबे पिता स्व. दुलीचंद दुबे पता जामुल द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1051/37, 1366/46, 1367/42 रकबा 0.010 हे. जो उसके पिता दुलीचंद दुबे पिता स्व. साधुराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दुलीचंद दुबे पिता स्व. साधुराम की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक अपने मृत्यु पूर्व आवेदक के पक्ष में वसीयनामा निष्पादित किया था भूमिस्वामी के मृत्यु हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में आप जांच कर जांच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 29.07.2021 के पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

विशेष कोरोना शुल्क की राशि दूसरे मद में खर्च करने के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, किया वॉकआउट

■ **मंत्री मो. अकबर ने कहा-जिम्मेदारी से बोल रहा हूं कोरोना शुल्क की राशि दूसरे मद में खर्च नहीं हुई**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने विशेष कोरोना शुल्क की राशि को स्वास्थ्य विभाग में खर्च नहीं कर दूसरे मदों में खर्च किये जाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार नियमों का उल्लंघन कर कोरोना के नाम वसूला जा रहे पैसों का स्वास्थ्य विभाग में खर्च नहीं कर दूसरे मदों पर खर्च कर रही है। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष से आबकारी मंत्री कवासी लखमा के स्थान पर पर्यावरण मंत्री मो. अकबर ने कहा कि शराब से विशेष कोरोना शुल्क की प्राप्त राशि दूसरे मदों पर खर्च नहीं की गई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर भाजपा सदस्यों ने हंगामा करते हुए बहिर्गमन किया।

विधायक चंद्राकर ने उठाया मुद्दा

प्रश्नकाल में आज भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने विशेष कोरोना शुल्क की राशि का स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरण एवं व्यय करने का मुद्दा उठाया। श्री चंद्राकर ने कहा देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर विक्रय पर आबकारी विभाग द्वारा प्रति बोतल पर 10-10 प्रतिशत विशेष कोरोना शुल्क लिया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने आबकारी मंत्री से पूछा कि दोनों मदों से 02 जुलाई 2021 तक कितनी राशि प्राप्त हुई है एवं कोरोना महामारी के लिए स्वास्थ्य विभाग को इस मद से कितनी राशि हस्तांतरित की गई और कितनी राशि खर्च की गयी है। खर्च करने के नियम क्या है तथा कितनी राशि शेष है।

मंत्री अकबर ने दिया जवाब

इसका जवाब आबकारी मंत्री कवासी लखमा के स्थान पर पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर देते हुए बताया कि विशेष कोरोना राशि के रूप में 245 करोड़ 25 लाख 08 हजार 123 रूपये जमा है। उन्होंने बताया कि इन दोनों मदों से प्राप्त विशेष कोरोना राशि स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित या स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मदों से प्राप्त विशेष कोरोना राशि को अभी स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने की जरूरत नहीं पड़ी है, जरूरत पड़ने पर करेंगे।

कोरोना शुल्क मद से 36 करोड़ खर्च

इस पर भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि विशेष कोरोना शुल्क के मद से 36 करोड़ रूपये शासकीय अंग्रेजी स्कूलों पर खर्च किये गये है। उन्होंने मंत्री से पूछा कि क्या ऐसा कोई नियम है। भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने इस मामले में मंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि विशेष कोरोना शुल्क का नियम क्या है। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर आने की संभावना है। ऐसे में उक्त राशि को स्वास्थ्य विभाग में खर्च करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए विशेष कोरोना शुल्क की राशि को दूसरे मदों पर खर्च करना एक प्रकार से अपराध की श्रेणी में आता है।

भाजपा सदस्यों ने सदन से किया बहिर्गमन

भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने आसंदी से कहा कि इस संबंध में जारी राजपत्र की कॉपी उनके पास से जिसे वे पटल पर रखना चाहते है। अध्यक्ष ने इसकी अनुमति दी, जिसके बाद अजय चंद्राकर ने इसकी कापी पटल पर रख दी।

भाजपा सदस्यों द्वारा लगातार इस मामले में मंत्री को घेरने का प्रयास करते रहे। इस बीच मंत्री मो. अकबर ने कहा कि सदन में मैं जिम्मेदारी से बोल रहा हूं कि शराब से प्राप्त विशेष कोरोना की राशि विभाग में जमा है और इसकी राशि दूसरे मदों पर खर्च नहीं की गई है। मंत्री के जवाब को असंतोषजनक बताते हुए भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

कोरोना की तीसरी लहर के इलाज के लिए प्रदेश में व्यवस्था पर्याप्त: टीएस सिंहदेव

■ **कोरोना की तीसरे लहर के पूर्व इलाज की तैयारियों को लेकर विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रश्नकाल में उठाया मुद्दा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को कोविड-19 संक्रमण की तीसरे लहर के आने की संभावना को लेकर छग जनता कांग्रेस पार्टी के विधायक धर्मजीत सिंह ने बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस पर कहा कि बच्चों में तीसरी लहर का कितना प्रभाव पड़ेगा इसकी राष्ट्रीय स्तर पर कोई जानकारी नहीं आई है, हालांकि तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए इलाज की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

प्रश्नकाल में आज विधायक धर्मजीत सिंह ने कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के पूर्व तैयारियों का मामला सदन में उठाया। इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि एम्स के डॉक्टरों सहित अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने शोध के आधार पर सतर्क किया है कि तीसरी लहर संभावित है। प्रदेश की जनता को इससे बचाव और इलाज के लिए व्यवस्था की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि अभी इस बात का कोई आधार सामने नहीं है कि सम्भावित तीसरी लहर में बच्चों को ही करोना से संक्रमित होने का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि विश्व और राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों में ही संक्रमण प्रभावित होने जो लेकर के संबंध में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की ओर से ऐसी कोई जानकारियां सामने नहीं आई है। स्वास्थ्य मंत्री से अपने प्रश्न में विधायक धर्मजीत चिंता कर रहे थे कि अगर बच्चा करोना संक्रमित होंगे तो अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी देखरेख कैसे होगी और उनके साथ कौन रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश में कोविड-19 के पहले एवं दूसरी लहर में कुल 9,95,479 लोग संक्रमित पाए गए उसमें से 13,453 मौत हुई । मृतक पुरुषों में 9,295 , महिलाएं 4,156 एवं 14 वर्ष तक के 51 की संख्या में बच्चे तथा 2 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

विधायक कुलदीप जुनेजा की बात पर सदन में छूटा हंसी का फव्वारा

रायपुर/नवप्रदेश । रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र विधायक कुलदीप जुनेजा की बात पर आज विधानसभा में सदस्यों के बीच हंसी का फव्वारा फूट पड़ा। विधायक कुलदीप जुनेजा ने पंचायत मंत्री सिंहदेव से कर अपवंचन को रोकने हेतु मारे गए छापे में कर निर्धारण उपरांत राशि की वसूली के संबंध में सवाल किया था इसके जवाब में पंचायत मंत्री सिंहदेव ने जब आंकड़े विस्तार से बताने शुरू किए तो कुछ देर सुनने के बाद कुलदीप जुनेजा ने कहा कि उन्हें कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है। विधायक कुलदीप जुनेजा की इस बात पर सदस्यों के बीच हास्य की लहर दौड़ गई । इस पर प्रतिपक्ष भाजपा सत्ता रूढ़ कांग्रेस के सदस्यों की ओर से भी आपस में हास्यपूर्ण नोंक-झोंक का सिलसिला शुरू हुआ। इस बीच मुस्कुराते हुए विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने विधायक कुलदीप जुनेजा से कहा कि आप पंचायत मंत्री के कक्ष में जाकर इत्मीनान से आंकड़े समझ लीजिएगा, लेकिन 12 बजे के बाद। यह सुनतें ही सदन में ढहाके लगने लगे।

पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी की सुविधा प्रारंभ

■ **बच्चों की जटिल हृदय सर्जरी संभव होगी**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में अब पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी भी संभव हो सकेगी। इसके लिए प्रति सप्ताह दो दिन विशेष ओपीडी होगी जिसमें रोगियों की जांच संभव होगी। छत्तीसगढ़ में प्रथम बार सरकारी अस्पताल में पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी के लिए पृथक व्यवस्था की गई है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. नितिन कश्यप के निर्देशन में डॉ. जी. सौरभ प्रति सप्ताह बुधवार और शनिवार को पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी की ओपीडी में सेवाएं प्रदान करेंगे। एम्स में प्रति माह चार से पांच रोगियों को पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। लंबे समय से इसके सर्जन की जरूरत महसूस की जा रही थी। नई व्यवस्था होने के बाद अब छोटे बच्चों को हृदय रोग की सर्जरी के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, एम्स में ही उनका इलाज संभव हो सकेगा। ओपीडी के माध्यम से 14 वर्ष तक की उम्र के बच्चों की जटिल हृदय सर्जरी संभव हो सकेगी। इसके साथ ही विभाग ने पीडियाट्रिक कार्डियक क्रिटिकल केयर फैलोशिप भी प्रारंभ की है जिसमें दो सीट हैं।

यूरोलॉजी में तीन नए स्पेशल क्लीनिक प्रारंभ

एम्स के यूरोलॉजी विभाग में तीन नए स्पेशल क्लीनिक प्रारंभ किए गए हैं। इसमें प्रत्येक सप्ताह सोमवार को पीडियाट्रिक यूरोलॉजी क्लीनिक और महिला यूरोलॉजी क्लीनिक दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक, बुधवार को यूरो आंकोलॉजी क्लीनिक और एंड्रोलॉजी एंड मेन हैल्थ क्लीनिक दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक और डायलिसिस एक्सेस क्लीनिक प्रत्येक शनिवार को प्रातः 9.30 से 10.30 बजे तक संचालित किया जाएगा।

राजधानी अस्पताल का लाइसेंस रद्द, 17 अप्रैल की वह भयावह मंजर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इसे लेकर कलेक्टर कार्यालय ने एक आदेश जारी किया है। इसमें लिखा है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत अस्पताल ले फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट पेश नहीं किया। मंजूरी सेकंड फ्लोर तक ही थी, पर तीन मंजिला अस्पताल चल रहा था। इसलिए अस्पताल को जारी किया गया लाइसेंस रद्द किया जाता है।

आपको बता दें कि ये वहीं अस्पताल है जहां बीते साल यानी 17 अप्रैल 2020 को कोविड वार्ड में भंयकर आग लगी थी। इस हादसे में एक मरीज की झुलसकर तो 5 की धुएं से दम घुटकर मौत हो गई थी। तभी से इस पर कार्यवाही को लेकर मीडिया संस्थानों ने प्रमुखता से छापा। नतीजा, जांच-पड़ताल के बाद अस्पताल को मानक के हिसाब नहीं पाया, लिहाजा हॉस्पिटल का लाइसेंस रद्द कर दिया गया।

जिसने देखा वह मंजर

इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों ने कई बातें बताई। किसी की मां, बहन पिता सभी का इसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। आग लग गई तो, स्टाफ किसी को बिना बोले पहले पेमेंट करने का दबाव बनाते गया। किसी मरीजों को उनके अपनों ने सिलाइन की बोटल लगाए हुए किसी तरह जान बचाकर नीचे ले आया। और किसी ने तो अपनों को जिंदा जला हुआ लाश बिस्तर पर पड़ा हुआ देखा। ये दृश्य कितना भयंनक है, ये तो वहीं जान सकता, जिसने वह मंजर को देखा होगा।

सीएम ने मुआवजा का किया था ऐलान

पचपेड़ी नाका इलाके में राजधानी नाम के कोविड अस्पताल में 17 अप्रैल की दोपहर आग लगी। इसकी वजह अब तक शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में अस्पताल में आग बुझाने के कोई इंतजाम, इमरजेंसी एग्जिट और वेंटिलेशन का प्रॉपर इंतजाम नहीं मिला है। हादसे के दिन, रात के वक्त जिला कलेक्टर डॉक्टर एस भारतीदासन और सीनियर एसपी अजय यादव घटनास्थल पर पहुंच गए थे। हादसे के बाद 19 मरीजों के दूसरे अस्पताल और 10 को यशोदा अस्पताल भेजा गया। हादसे के फौरन बाद मृतकों के परिजनों के लिए सरकार ने 4-4 लाख रुपए का मुआवजा देने का एलान किया है।

फोरेंसिक टीम ने किया खुलासा

राजधानी अस्पताल अग्निकांड में 6 कोविड मरीजों की मौत के मामले में जांच कर रही फोरेंसिक टीम ने खुलासा किया। आग एसआईसीयू के एक पंखे में लगी और संभवतः ज्यादा ऑक्सीजन की वजह से वार्ड में तेजी से फैल गई।

आंखों के सॉकेट एवं दिमाग की सतह तक पहुंचने वाले साइनस के ट्यूमर का बिना चीरे के दूरबीन पद्धति से सफल ऑपरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय-डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के नाक कान गला (ईएनटी) रोग विभाग के डॉक्टरों द्वारा साइनस में होने वाले इनवर्टेड पेपिलोमा नामक बिनाइन ट्यूमर को बिना चीरे के दूरबीन पद्धति से निकालकर 75 वर्षीय मरीज के विकृत हो चुके चेहरे को ठीक किया एवं बुजुर्ग के आंखों की रोशनी जाने से बचाया।

ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. हंसा बंजारा के मार्गदर्शन में ईएनटी की डॉ. मान्या ठाकुर राय एवं टीम द्वारा ट्यूमर को विस्तृत फंक्शनल एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी तथा ड्राफ एवं एंडोस्कोपिक मीडियल मेजिलेक्टॉमी (FESS + DRAF II + Endoscopic Medial Ma&illectomy) विधि से बिना चीरे के दूरबीन पद्धति से सफलतापूर्वक निकाला गया। ऑपरेशन के दौरान दिमाग से संबंधित किसी प्रकार की कोई जटिलताएं न आये इसके लिये न्यूरो सर्जन डॉक्टर देबाब्रत साहना एवं टीम को साथ में लेकर ईएनटी के डॉक्टरों ने दूरबीन पद्धति से ट्यूमर को निकाला।

साइनस में होने वाले इनवर्टेड पैपिलोमा ट्यूमर के कारण 75 वर्षीय मरीज को पिछले 2 साल से सांस लेने में समस्या, 6 महीने से लगातार सिरदर्द एवं 15 दिनों से आंखों में धुंधलापन की शुरुआत हो गई थी। डोंगरगढ़ निवासी इस मरीज ने कई जगह अपना उपचार कराया। अंततः अम्बेडकर अस्पताल में मरीज की बीमारी का सही उपचार मिला।

डॉ. मान्या ठाकुर के मुताबिक यह केस विशेष इसलिए है क्योंकि इस केस में सामान्यतः फ्रंटल साइनस से संपूर्ण बीमारी को हटाने के लिए कंबाइंड अप्रोच की आवश्यकता होती है, परंतु इस केस में बिना चेहरे में चीरा दिए ट्यूमर को निकाला गया। दूसरा यह बहुत दुर्लभ होता है कि इनवर्टेड पेपिलोमा पूरे दिमाग की निचली सतह एवं आंखों के सॉकेट (नेत्र कोटर अथवा नेत्र गुहा) में एक साथ जाए। ऐसे केस बहुत कम देखने को मिले हैं। अगर प्रकाशनों(पब्लिकेशन) की समीक्षा की जाए तो आंखों के सॉकेट तक जाने वाले अब तक 9 केस दर्ज हुए है एवं दिमाग की सतह तक पहुंचने वाला लगभग 19 केस दर्ज हुए हैं।डॉ. मान्या ठाकुर के अनुसार, इनवर्टेड पैपिलोमा एक बिनाइन ट्यूमर है जो कि कैंसर की तरह आसपास के सामान्य रचना को ध्वस्त कर देता है एवं बार-बार होता है। यह सामान्यतः मैक्सिलरी साइनस में पाया जाता है लेकिन इस केस में यह पूरा स्कल बेस यानी ब्रेन के नीचे तक फैला हुआ था एवं आंखों के सॉकेट में दबाव बना रहा था। सामान्यतः इसे दूरबीन पद्धति एवं चीरे दोनों की सहायता से निकाला जाता है ।

कोसा धागा | **कोसा धागे ने आदिवासी महिलाओं को बनाया स्वावलम्बी, बुन रहीं जीवन का ताना-बाना**

महीन धागों ने खींच लाई आदिवासी महिलाओं की खुशियाँ

रायपुर/नवप्रदेश। मेहनत, हौसला और आगे बढ़ने की चाह हो तो खुशियां खिंची चली आती हैं। कोसे के इन्हीं महीन धागों से नक्सल हिंसा प्रभावित दंतेवाड़ा जिले की आदिवासी महिलाएं अब अपने जीवन का ताना-बाना बुन रही हैं।

गीदम ब्लॉक के छोटे से गांव बिंजाम की महिलाओं ने कोसा से धागा निकालने की कला सीखकर न सिर्फ अपने आय का एक नया जरिया बनाया है, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर पूरे परिवार के जीवनस्तर को एक नई दिशा दे रही हैं। कभी खेती-बाड़ी और घर के काम-काज में पूरा दिन लगाने वाली ये महिलाएं आज कोसा धागा बेच कर हर महीने 5 से 6 हजार रुपए कमा रही हैं।

कोसा ने सुधारा जीवन स्तर

कभी इन महिलाओं का जीवनस्तर सामान्य से भी नीचे स्तर का था। इनकी आर्थिक सहायता और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता एवं केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना के अन्तर्ग 4 लाख 37 हजार 5 सौ रूपये की लागत से ग्राम बिंजाम के 15 परिवार के हितग्राहियों को कुल 10 नग बुनियादी रीलिंग मशीन तथा 5 नग कताई मशीन प्रदान की गई। इसके साथ ही इन परिवारों की महिलाओं को 15 दिन रीलिंग तथा कताई कार्य का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। काफी लगन और मेहनत से महिलाओं ने कोसा से धागा निकालने की कला को सीखा और उसे निखारते हुए आगे बढ़ रही हैं।

महिलाएं बनी स्वावलम्बी

कोसा खरीदी से लेकर, धागा बनाने और उसे बेचने तक का काम महिलाएं खुद कर रही हैं। कोसा से धागा निकालने की प्रक्रिया में सबसे पहले वह कोसे की ग्रेडिंग करती हैं। ग्रेडिंग के बाद प्रतिदिन के हिसाब से कोसा उबाला जाता है और उबले हुए कोसे से धागा बनाया जाता है। ये महिलाएं कोसा फलों से धागाकरण कार्य करके रेशम धागे रील्ड यार्न तथा घीचा यार्न का उत्पादन करती हैं। जिसे व्यापारियों को बेचा जाता है, बिक्री से आए रुपयों से पहले कोसे का पैसा रेशम विभाग को चुकाया जाता है। इसके बाद बचे हुए रुपयों से का उपयोग महिलाएं अपना व्यवसाय आगे बढ़ाने और परिवार को चलाने में करती हैं। इस महिला समूह की एक सदस्य ने आभार जताते हुए बताया कि सरकार की पहल से उन्हें रोजगार तो मिला ही है, साथ में उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक हुई है। जिससे उनके घर की स्थिति सुधरी है। उन्हें अपने ही गांव में रोजगार मिल गया है और अब काम के लिए गांव से बाहर जाना नही पड़ता।

न्यूज गैलरी

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति वैज्ञानिक और अभियंता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 'मिसाइल मैन' और जनता के राष्ट्रपति' के नाम से भी जाना जाते है। वह भारत के 11वें निर्वाचित और पहले गैर-राजनीतिज्ञ राष्ट्रपति थे। भारत सरकार ने साल 1997 में कलाम साहब को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' भी प्रदान किया गया जो उनके वैज्ञानिक अनुसंधानों और भारत में तकनीकी के विकास में अभूतपूर्व योगदान हेतु दिया गया था।डॉ. कलाम साल 1962 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में आये थे, जहाँ उन्होंने सफलतापूर्वक कई उपग्रह प्रक्षेपण परियोजनाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी 3 के निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे जुलाई 1982 में रोहिणी उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया था । भारत सरकार द्वारा उन्हें 1981 में 'पद्म भूषण' और 1990 में 'पद्म विभूषण' सम्मान भी प्रदान किया गया था। जुलाई 1992 में वे भारतीय रक्षा मंत्रालय में वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त हुये। उनकी देखरेख में भारत ने 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्रों की सूची में शामिल हुआ, ऐसे महान व्यक्तित्व को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के तहत केन्द्रीय जेल रायपुर में हुई कार्यवाही प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा एस.एल.पी. (क्रिमिनल) क्रमांक 529/2021 सोनधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य में धारा 432 (2) द.प्र.सं. के तहत दिए गए दिशा निर्देश के परिपालन में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री अरविंद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सचिव प्रवीण मिश्रा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा केन्द्रीय जेल रायपुर का भ्रमण किया गया। विदित हो कि, छत्तीसगढ़ राज्य की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे प्री-मैच्योर रिहाई हेतु पात्र बंदियो की रिहाई के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 01 अगस्त 2021 से संपूर्ण राज्य में पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा। उक्त प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन हेतु सचिव द्वारा बंदियों तथा उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें उक्त विधि के प्रावधानों के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु संपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके साथ साथ जेल अधीक्षक को भी माननीय न्यायालय के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। तथा जेल में बैठक लेकर समस्त बिन्दूओं पर परिचर्चा की गयी जिससे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गयी समय सीमा में रायपुर जिले में उक्त पायलेट प्रोजेक्ट का सफल क्रियान्वयन किया जा सके।

तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत, 1 घायल

रायपुर/नवप्रदेश। तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोपेड सवार महिला की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्रनगर सिविललाईन निवासी कुमारी पदनी यादव 25 वर्ष पिता स्व.रामू यादव ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है। 26 जुलाई को शाम 6 बजे के करीब महासमुंद बेरियर चौक सिग्नल के आगे तेलीबांधा रायपुर में प्रार्थिया अपनी सहेली की बड़ी बहन कलिन्द्री ध्रुव को बैठाकर तेलीबांधा मिनोचा पेट्रोलपंप जा रही थी,तभी आनंद रोडवेज न्यू बस स्टैण्ड धमतरी बस क्रमांक सीजी 08/एके/8100 का चालक अपनी बस को तेज एवं लापरवाही उपेक्षा पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सिडेंट कर दिया जिससे पीड़िता एवं उसकी सहेली की बहन स्कूटी सहित जमीन पर गिर गये एवं बस के पहिये से कालिन्द्री ध्रुव के सिर कुचला गया एवं मौके पर उसकी मौत हो गई तथा मेरे दाहिने हाथ की कोहनी एवं दाहिने घुटने में चोंट लगा है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर कर मामला दर्ज कर लिया है।

पूर्व विवाद को लेकर युवक को धारदार हथियार से मारा, बलवा का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विवाद को लेकर एक व्यक्ति को करीब आधा दर्जन लोगों ने गाली-गलौचकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया तथा धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार वीर सावकर नगर हीरापुर कबीरनगर निवासी मनीष सिंह 30 वर्ष पिता छत्तर सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि पूर्व विवाद को लेकर 26 जुलाई को शाम 6 बजे हनुमान मंदिर के पास केशरवानी क्लीनिक के पास हीरापुर कबीरनगर में जग्गू सैनी,गोपी सिंह,बब्बू सैनी,रिक्की एवं अन्य लोगों ने एक राय होकर प्रार्थी को हाथ-मुक्का एवं धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर बलवा का मामला दर्ज कर लिया है।

डगनिया बेटी बचाओ मंच का सावन श्रृंगार प्रतियोगिता संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। बेटी बचाओ मंच डगनिया के पदाधिकारियों के अनुपम गार्डन में आयोजित सावन श्रृंगार प्रतियोगिता में कृष्णा वर्मा सावन क्वीन चुनी गई। द्वितीय स्थान के लिए शीला सिसोदिया का चयन किया गया । हरे परिधान, हरी चूड़ियां, बिंदी, चप्पल, छतरी सहित पहुंची मंच के महिला पदाधिकारियों ने उक्त अवसर पर नृत्य करते हुए सावन गीत गाए ।सावन गीत में प्रथम अमृता श्रीवास्तव तथा द्वितीय भारती अवतार शर्मा रहे। पारंपरिक खेल रेसटीप में मृणालिनी मिश्रा को प्रथम तथा अर्चना गुप्ता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर मृणालिनी मिश्रा ने मास्क वितरण भी किया।

संपादकीय

हंगामों की भेंट न चढ़े मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र पिछले एक सप्ताह से हंगामों की भेंट चढ़कर रह गया है। विपक्ष लगातार संसद के दोनों सदनों में हंगामा कर के सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है, नतीजतन पिछले एक सप्ताह से संसद में कोई काम नहीं हो पाया है। विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा है लेकिन सरकार की ओर से जवाब सुनने के लिए तैयार नहीं है। गौरतलब है कि संसद की कार्यवाही पर प्रति मिनट लगभग तीन लाख रूपए का खर्च आता है, इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि सात दिनों से संसद में कोई काम न होने के कारण कितनों करोड़ों का अपव्यय हो चुका है। इस खर्च में माननीय विधायकों को मिलने वाले वेतन भत्ते और अन्य सुविधाओं का खर्च शमिल नहीं है। जाहिर है हंगामा करने को ही अपना काम समझने वाले माननीयों को इस बात की कतई कोई चिंता नहीं है कि संसद के बेशकीमती सत्र को हंगामों की भेंट चढ़ाकर वे देश का कितना बड़ा नुकसान कर रहे है। यह ठीक है कि विपक्ष को सरकार पर आरोप लगाने का और सरकार की नीतियों की आलोचना करने का तथा अपना विरोध जताने का पूरा अधिकार है। विपक्ष के नाते यह उनका दायित्व भी है लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि संसद में कोई काम ही न होने दिया जाएं। ऐसा करना देश की जनता के साथ बड़ी नाइंसाफी है जो इस उम्मीद के साथ इन माननीयो को चून कर प्रजातंत्र के सबसे बड़े मंदिर में भेजती है कि वे वहां जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे और समस्याओं का समाधान करने में सहभागिता निभाएंगे। दरअसल पिछले कुछ सालों से संसद में काम कम और हंगामा ज्यादा होने लगा है। अब समय आ गया है कि संसद के जिस सत्र में जितने दिनों का काम होता है उतने ही दिनों का वेतन और भत्ता सांसदों को दिया जाएं। उनके हंगामे के कारण जो भारी राशि व्यर्थ जाती है उसकी भरपाई भी इन सांसदों के वेतन भत्ते और अन्य सुविधाओं में कटौती कर के वसूली जाएं। जब तक इस तरह के कड़े प्रावधान नहीं किए जाएंगे तब तक ये हंगामाजीवी माननीय संसद को अखाड़ा बनाने से बाज नहीं आएंगे।

विचार

जासूसी की पुरानी दोधारी तलवार

मनुष्य की सबसे पुरानी गतिविधियों में शरीक जासूसी, एक ग्रीक पौराणिक चरित्र पेगासस के चलते हमारे विमर्श के केंद्र में आ गई है। किसी ने नहीं सोचा था कि एक बार बोतल से बाहर आने के बाद जिन्न किन-किन के कंधों पर बैठेगा। यह तो पाखंड होगा कि कोई जासूसी की जरूरत या उसकी व्यापकता को सिरे से ही नकार दे, लेकिन इस बार अपने भी सकपकाए हुए हैं। न उगलते बन रहा है, न निगलते। हमारी आज की दुनिया में जासूसीके दो तरीके सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। पहला, 'ह्यूम इंट' यानी इंसानों के जरिये जासूसी और दूसरा, 'इलेक्ट इंट' यानी संवाद प्रेषित करने या प्राप्त करने के उपकरणों में सेंध लगाकर मतलब की सूचनाएं हासिल करना। यदि सरल भाषा में कहना हो, तो पेगासस दूसरी श्रेणी में आएगा, पर यह इतना आसान भी नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण उन लोगों का चयन है, जिन्हें जासूसी के लिए चुना गया था। यहां यह याद रखना होगा कि इजरायली कंपनी एनएसओ द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर पेगासस को वहां की सरकार ने 'युद्ध के हथियार' के रूप में घोषित कर रखा है। 'युद्ध का हथियार' घोषित उत्पाद की बिक्री सरकारी नियंत्रण में आ जाती है। भारतीय नागरिकों के लिए यह समझना थोड़ा मुश्किल जरूर होगा, क्योंकि हमारे यहां अभी तक ऐसी सामग्री सार्वजनिक क्षेत्र में ही निर्मित होती है, लेकिन हाल में फ्रांसीसी युद्धक विमान राफेल की खरीद से इसे समझा जा सकता है। राफेल को एक निजी फ्रेंच कंपनी ने बनाया जरूर है, पर वह इसे किसी देश को बेचेगी तभी, जब उसे अपनी सरकार की इजाजत मिल जाए। एनएसओ के लिए भी जरूरी है कि वह पेगासस इजरायल सरकार की अनुमति से ही किसी ऐसी सरकार को बेचे, जिसका मनवाधिकारों का ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा रहा हो। इसे किसी गैर-सरकारी संघटन को नहीं बेचा जा सकता।

पेगासस अपनी श्रेणी में अब तक का सबसे घातक सॉफ्टवेयर है। इसे किसी भी मोबाइल फोन, कंप्यूटर या लैपटॉप में बिना उससे शारीरिक संपर्क किए डाला जा सकता है। यहां तक कि काफी हद तक सुरक्षित समझी जाने वाली एपल की मशीनें भी इसके निशाने से नहीं बच सकतीं। केवल एक निर्दोष सा संदेश पढ़े जाते ही यह सॉफ्टवेयर किसी भी उपकरण में ऐसे वायरस का प्रवेश करा देगा, जिससे उस उपकरण की सारी गतिविधियों तक उसके हैंडलर की पहुंच मुमकिन हो जाएगी। यह वायरस उपकरण में उपलब्ध कैमरा, वायस रिकॉर्डर, मेल, भौगोलिक उपस्थिति या कोई भी दूसरा एप, जिसे डाउनलोड किया गया होगा, अपने हैंडलर को सुलभ करा देगा। इसमें यह भी सलाहियत है कि पकड़े जाने का खतरा होने पर या गलती से किसी दूसरे सिमकार्ड से संपर्क हो जाने पर यह खुद को नष्ट भी कर सकता है। शायद उसकी इन्हीं क्षमताओं के कारण निर्माता कंपनी पर रोक है कि वह इस उत्पाद को किसी गैर-सरकारी संघटन को नहीं बेचेगी। दुनिया की तो छोड़े, ऐसा भी नहीं कि भारत में पहली बार अपने विरोधियों की जासूसी कोई सरकार करा रही थी। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सरकार इस आरोप पर गिर गई थी कि खुफिया एजेंसी के लोग राजीव गांधी के घर की निगरानी कर रहे थे। सभी जानते हैं कि एक निश्चित प्रक्रिया के तहत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेकर किसी के टेलीफोन सुनना एक वैध कार्रवाई है, फिर क्या वजह है कि इस बार इतना शोर-शराबा हो रहा है? इसके दो परेशान करने वाले कारण हैं।

जिहादी हिंसा दलित-मुस्लिम एकता की कब्र खोदती है

विष्णुगुप्त

> इस्लाम और मुसलमानों के प्रति वैसी ही धारणाएं रखती है जैसी धारणाएं शेष पूरी दुनिया की मुस्लिम और इस्लाम के प्रति धारणाएं हैं। मायावती ने उत्तर प्रदेश में मुस्लिम और दलित एकता की बात पक्की करने की पूरी कोशिश की थी। पर राजनीतिक मजबूरी में सिर्फमायावती की अपनी जाति ही मजबूती के साथ खडी रही थी। अधिकतर दलित जनता मायावती के मुस्लिम प्रेम को खारिज करती रही हैं। अगर अधिकतर दलित जनता इस्लम और मुसलमानों के साथ राजनीतिक एकता की बात स्वीकार कर लेती तो फिर देश में मायावती जैसी राजनीतिज्ञ की कितनी राजनीतिक पौ बारह होती, यह समझा जा सकता है। मुसलमान उसी को वोट करते हैं या साथ देते हैं जो भाजपा को हराने के लिए सक्षम होते हैं। अगर भाजपा के सामने सपा और कांग्रेस ताकतवर हैं तो फिर मुसलमान सपा और कांग्रेस के साथ खडे होंगे, न कि मायावती के साथ। मुसलमानों की इस सच्चाई को दलित जनता अच्छी तरह से समझती हैं। खासकर मायावती, रामलाल, रावन जैसे तथाकथित राजनीतिज्ञ अब दलित जातियों को मूर्ख नहीं बना सकते हैं, उन्हें मुसलमानों के साथ खड़ा होने, मुसलमानों के साथ राजनीतिक एकता प्रदर्शित करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं।

दलितों पर टूटने वाली मुस्लिम हिंसा की कुछ नमूने यहां देखिये और फिर दलित-मुस्लिम एकता की राजनीति करने वालों का चाल चरित्र का अनुमान लगा लीजिये और यह भी पता कर लीजिये कि आखिर देश की राजनीति मे दलित-मुस्लिम एकता की राजनीति सिर चढ कर क्यों नहीं बोलती है, राजनीतिक पार्टियां दलित-मुस्लिम एकता की बात कर राजनीतिक उफान तो पैदा जरूर करती हैं पर खास कर दलित जनता इस तथाकथित एकता के खिलाफ ही अपना समर्थन व्यक्त करती हैं। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि दलितों पर मुस्लिम जिहाद की हिंसा किस प्रकार से टूटती है, दलितों पर मुस्लिम किस प्रकार से उत्पीड़न और अपमानित करने के जिहाद में सक्रिय हैं? यहां पर कुछ इसके राजनीतिक और गैर राजनीतिक उदाहरण उपस्थित है। पहला उदाहरण बहुत ही खतरनाक है, लोमहर्षक, डरावना है, राजनीति की जिहाद समर्थक प्रवृति को उजागर करती है, यह उदाहरण बिहार के पूर्णियां जिले के मझुआ गांव का है जहां पर महादलितों की बस्ती पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम जिहादियों की भीड हमला करती है और महादलितों की पूरी बस्ती को आग लगा कर स्वाहा कर देती है, महादलितों को कोई एक नहीं बल्कि पचास से अधिक घर जला कर राख कर दिये गये, एक महादलित को पीट-पीट कर हत्या कर डाली, दलित महिलाओं की इज्जत पर हाथ डाला गया। इस लोमहर्षक हत्या और आगजनी की घटना पर दलित मुस्लिम एकता की बात करने वाली कोई पार्टियां और कोई नेता नोटिस तक नहीं लिया। दूसरी घटना उत्तर प्रदेश की है। उत्तर प्रदेश के नूरपुर गांव में दलितों के दो-दो बरातों पर मुस्लिमों की जिहादी भीड हमला करती है, दूल्हें सहित पूरी बारात को पीटा जाता है, बारात वापस लौटने के लिए मजबूर किया जाता है, बारात नहीं लौटाने पर पूरी बारात को काट कर फेंकने की धमकी दी जाती है, डर कर दोनों बारातें लौट गयी। अभी-अभी तीसरा उदाहरण भी सामने आया है। यह उदाहरण राजस्थान से जुड़ा हुआ है। राजस्थान के झाडवाला में कृष्ण नाम के एक बाल्मिकी युवक को मुस्लिमों की जिहादी टोली ने पीट पीट कर मार डाला। चैथा उदाहरण उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर के कैथोड़ा गांव की है जहां पर दलितों की जमीन पर मुसलमानों की भीड़ ने कब्र खोद दी और उसे बलपूर्वक कब्रिस्तान बना दिया। पाचवां उदाहरण देश

> दलित पार्टियां और दलित नेताओं की राजनीतिक मंशा और उनके इस्लाम-मुसलमान प्रेम के साथ दलित जनता क्यों नहीं खडी होती है? सबसे बडी बात यह है कि दलित पार्टियां, दलित नेता और दलित जनता इस्लाम और मुसलमानों को लेकर अलग-अलग विचार रखती हैं, इनकी इस्लाम को लेकर मानसिकताएं भी अलग अलग हैं। दलित राजनीतिक पार्टियां और दलित नेता जहां मुसलमानों के साथ राजनीतिक एकता की बात करते हैं, इसके लिए वे किसी भी हद तक जाने से भी परहेज नहीं करते हैं, मुस्लिम आतंकवाद तक का भी समर्थन कर देते हैं, मुसलमानों द्वारा दलितों पर होने वाली हिंसा और जिहाद के तथ्यों पर उदासीनता बरतते हैं, खामोशी व्यक्त करते हैं,ढकने-तोपने की राजनीतिक करते हैं। पर दलित जनता अभी भी मुसलमानों को अपने साथ एकता वाली बात को नहीं पचा पाती हैं।

की राजधानी दिल्ली से जुडा हुआ है ,जहां पर एक दलित युवक का एक मुस्लिम युवती के साथ प्रेम हो जाता है, दोनों अपनी मर्जी से शादी करते हैं और साथ-साथ रहने की कोशिश करते हैं। यह जिहादी मुसलमानों को स्वीकार नहीं होता है, एक बाल्मिकी युवक द्वारा मुस्लिम युवक की शादी पर जिहादी मुसलमान बर्बर हो जाते हैं, जिहादी मुसलमानों की गोलबंदी हो जाती है, हथियारों से लैस होकर जिहादी मुस्लिम भीड़ बाल्मिकी युवक के टोले पर हमला कर देती है, बाल्मिकियों के पूरे टोले में हिंसा को अंजाम देती हैं, बाल्मिकियों को बुरी तरह पीटा जाता है, उनके घरों में तोड फोड होता है, बाल्मिकी औरते की इज्जत पर हाथ डाला जाता है। पाचवां उदाहरण उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिलें का है जहां पर दलितों के घरों को मुसलमानों ने आग लगा दी थी। छठा उदाहरण बेंगलुरू का है। बेंगलुरू की मुस्लिम हिंसा को कौन भूल सकता है। एक दलित कांग्रेसी विधायक के भतीजे ने सोशल मीडिया पर कुछ बातें लिख देता है फिर मुस्लिम जिहादियों की हिंसा कैसी बरपी थी, यह भी जगजाहिर है। कई सरकारी प्रतिष्ठानों को आग के हवाले कर दिया गया था। उस दलित युवक की जान लेने की पूरी कोशिश हुई थी।

ये तो मुस्लिम जिहादी हिंसा के उदाहरण है। दलितों के साथ राजनीतिक तौर पर मुस्लिमों द्वारा होती ज्यादतियों का भी उदाहरण देख लीजिये। बार-बार यह बात उठती है कि मुस्लिम शिक्षण संस्थानों में दलितों के प्रवेश या अन्य जगहों पर आरक्षण क्यों नहीं मिलता है। देश भर में जामिया इस्लामियां यूनिर्वर्सिटी और अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी सहित दर्जनो अन्य शिक्षण संस्थानें भी हैं। पर इन सभी शिक्षण संस्थानों में दलितों को किसी प्रकार से आरक्षण नहीं मिलता है। जब कभी भी मुस्लिम शिक्षण संस्थानों में दलितों के आरक्षण की बात उठती है तब मुसलमान अपनी जिहादी भूमिका में खडे हो जाते हैं और कहते हैं कि यह हमारा धार्मिक प्रसंग है, इस प्रसंग में कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। मायावती, रामराज और रावन जैसे जितने भी दलितों के तथाकथित ठग और पैरवीकार है ये कभी भी मुस्लिम शिक्षण संस्थानों में दलितों के आरक्षण पर मुसलमानों की घेराबंदी नहीं करते हैं। सबसे बडी बात यह है कि दलितों के साथ लव जिहाद की घटनाएं भी खूब हो रही है। जो दलित लडकियां सरकारी सेवा में आ गयी है वैसी लड़कियों पर लव जिहाद के हमले खूब होते हैं। दलितों की जमीन हथियाने और आरक्षित सीटों पर चुनाव लडा कर राजनीतिक शक्ति हासिल करने के लिए लव जिहाद जारी है।

आजादी के आंदोलन के दौरान भी दलित मुस्लिम एकता की बात और हथकंडा चलाने की कोशिश हुई थी। पर दलितों के पास उस समय भविष्य की दृष्टिवाली राजनीतिक विरासत उपस्थित थी। डॉ भीभराव अबंडेकर इस्लाम और मुसलमानों की पैंतरेबाजी को जानते थे, उसके एजेंडे को जानते थे और यह मानते थे कि जिहादी इस्लाम और जिहादी इस्लाम से प्रेरित मुसलमान अवसर पाते ही दलितों को हलाल कर देंगे। इसीलिए उन्होंने दलित और मुसलमानों की एकता की बात को ठुकरा दिया था। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि डॉ भीभराव अंबेडकर ने इस्लाम को भी खारिज कर दिया था।

कहीं भारी ना पड़ जाए लापरवाही

रमेश सर्राफ

> कोरोना दूसरी लहर में पूरे देश ने देखा था कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार पूरी तरह फेल हो गई थी। देश में ऑक्सीजन को लेकर हाहाकार मचा था। यहां तक कि पानी के जहाजों से विदेशों से भी ऑक्सीजन मंगवानी पड़ी थी। दूसरी लहर के बाद देश के सरकारी व निजी अस्पतालों में तेजी से ऑक्सीजन गैस प्लांट लगाए जा रहे हैं जो काफी नहीं है। ऑक्सीजन के मामले में महाराष्ट्र सबसे पहले आत्मनिर्भर होने वाला राज्य बना है। देश के अन्य राज्यों को भी ऑक्सीजन उत्पादन के क्षेत्र में महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करना चाहिए। देश में अभी कोरोना की तीन वैक्सीन उपलब्ध है जो पर्याप्त नहीं है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवीशिल्ड ही बड़ी मात्रा में उत्पादित हो रही है। भारत बायोटेक की कोवैक्सीन का उत्पादन अभी बहुत कम है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन व दुनिया के बड़े वैज्ञानिक व चिकित्सा विशेषज्ञ सभी देशों को लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वह अपने यहां लगाई गई पाबंदियों में ढील ना दे। दुनिया भर में जल्दी ही कोरोना की तीसरी लहर आने वाली है। कई देशों में तो कोरोना की तीसरी लहर प्रारंभ भी हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तीसरी लहर में कोरोना का वायरस पहले से ज्यादा प्रभावी होगा। जिसके बड़े दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, रूस समेत कई बड़े देशों में कोरोना के बढ़ते आंकड़े भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। दुनिया भर में कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के बावजूद जिस तेजी से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि कोरोना की तीसरी लहर शुरू हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार लोगों को चेता रहे हैं कि बेवजह घरों से निकलकर अनावश्यक भीड़भाड़ इक्कठी ना करें। प्रधानमंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों पर उमड़ रही पर्यटकों की भीड़ पर भी नाराजगी जताते हुए उन राज्य सरकारों को चेताया है कि बड़ी संख्या में पर्यटक एकत्रित होकर कोरोना गाइडलाइन की पालना भी नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वे स्वयं व घर आकर अपने परिवार के लोगों को भी संक्रमित करेंगे। इससे बचने का एकमात्र उपाय है अपने घरों पर ही रहे। कोरोना वायरस की दूसरी लहर अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। इसी बीच कई राज्यों से नए मामले बढ़ने की खबरें सामने आने लगी है।

केरल में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में केरल सरकार की ओर से बकरीद पर लॉकडाउन में ढील दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई व जमकर फटकार लगाते हुए कहा यह अफसोस की बात है कि राज्य सरकार व्यापारी संगठनों के दबाव में आ गई। उन इलाकों में भी दुकान खोलने की अनुमति दी जहां कोरोना दर 15 फीसदी से अधिक है और लोगों की जान को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केरल सरकार ने बकरीद के अवसर पर इस तरह की छूट देकर देश के नागरिकों के लिए राष्ट्रव्यापी महामारी के जोखिम को बढ़ा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अगर बकरीद के लिए राज्य द्वारा दी गई ढील से कोविड-19 का और प्रसार होता है तो वह कार्रवाई करेगा।

कोरोना की दूसरी लहर के बाद किए गए सीरो सर्वे में देश के 68 फीसदी लोगों में एंटीबॉडी पाई गई है। इसमें वो लोग भी शामिल हैं जिन्हें टीका लगाया जा चुका है। इसके बावजूद प्रतिदिन नये कोरोना मरीजों के आंकड़ों का 40 हजार के आसपास रुक जाना किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए कहा है कि कोरोना के आंकड़े जिस तरह से स्थिर हो गए हैं। उसे देखने के बाद संभावना है कि आंकड़ों में बहुत जल्दी बढ़ोत्तरी देखने को मिले। देश के 13 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा के अलावा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में जिस तेजी से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं वो डराने वाले हैं। देश में अभी प्रतिदिन 40 हजार कोरोना के नए केस मिल रहे हैं। जबकि देश में पहली बार संपूर्ण लाकडाउन लगा था तब मात्र पचासी कोरोना पॉजिटिव केस मिले थे। उस से तुलना करें तो वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। देश में अभी तक तीन करोड़ नौ लाख के करीब कोरोना पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। जिनमें से तीन करोड़ पांच लाख यानी 99 प्रतिशत कोरोना पॉजिटिव केस रिकवर हो चुके हैं। वही 4 लाख 20 हजार लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है जो एक प्रतिशत है। देश में अभी तक कोरोना के 35 करोड़ नमूने लेकर उनकी जांच की जा चुकी है। वर्तमान में भी प्रतिदिन 17 से 18 लाख कोरोना के नमूनों की देश में जांच की जा रही है।

देश में इस समय सबसे अधिक कोरोना पॉजिटिव केस केरल में मिल रहे हैं। केरल में एक दिन में 17 हजार 481 पाजिटिव केस, महाराष्ट्र में 8 हजार 159 केस, आंध्र प्रदेश में 2 हजार 527 केस, ओडिशा में एक हजार 927 केस, तमिलनाडु में एक हजार 891 केस, कर्नाटक में एक हजार 639 केस, असम में एक हजार 547 केस, मणिपुर में एक हजार 327 केस, पश्चिम बंगाल में 869 केस, तेलंगाना में 691 केस, मिजोरम में 625 केस, मेघालय में 558 केस, अरुणाचल प्रदेश में 418 केस, त्रिपुरा में 253 केस, सिक्किम में 251 केस, नागालैंड में 105 पॉजिटिव केस एक दिन में मिले हैं। देश में मिले कुल पॉजिटिव केसो में से 90 प्रतिशत केस इन 16 प्रदेशों में मिल रहे हैं। पूर्वोत्तर के आठ प्रदेशों में कोरोना पॉजिटिव केसों में एकाएक बढ़ोतरी होना बड़ी चिंता का विषय है। कोरोना की पहली लहर में पूर्वोत्तर के आठ प्रदेश कोरोना से ज्यादा प्रभावित नहीं हुए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बादलों के झूलों

बादलों के झूलों पर जब बरखा झूलती है तब अचानक पीछे से हवा आती है बरखा को पीठ के बल गिराकर खिलखिलाती है?? बरखा फिर उठती है हवा को खुद में लपेट लेती है दोनों यूँ ही देर तक गुथम गुथी करती खेलती रहती है बचपन की सखियों सी देख देख कर हर्षित होती रहती हूँ मैं। **- आशा पाण्डेय ओझा**

पहनकर शुभ्र धवल

पहनकर शुभ्र धवल परिधान । कर ,पीले लाल फूलों से श्रृंगार , ले हाथ में जल से भरा ताम्र-लोटा । लिए मुखड़े पर सौम्य मुस्कान प्यारी गुड़िया चली भोले के द्वार जलाभिषेक कर कर रही मनुहार, हे जगत के पालनहार - दे मुझे विद्या का वरदान खूब पढ़ूँ-लिखूँ । नेक राह में चलूं, जग के आऊं काम , दुःख हो या सुख अंतस रहे समभाव ।

- वर्षा ठाकुर

खास पाती | हे गंगाधर हे शशिशेखर

हे गंगाधर,हे शशिशेखर। शीतल करते,रग-रग को। अमिय-गरल हो,सहज सरल हो, सदा सुलभ हो,इस जग को। कर मनमानी,जो अज्ञानी, तरस रहे हैं,शुभ मग को। लोभी पापी, वो संतापी, तर जाते हैं,छू पग को। हे शिव शंकर,हे प्रलयंकर, नीलकंठ तुम,नागेश्वर। हे आशुतोष,शम रोष-दोष, हर हर हर दुख,सर्वेश्वर। हे विषपायी,आयुषदायी, भस्म लपेटे, भूतेश्वर। बम बम भोले,डमरू बोले, महादेव जय,रामेश्वर हे कैलाशी,हे अविनाशी, हे चन्द्रमौलि,सद् ज्ञानी। साँझ-सवेरे,रसना टेरे, कहे शिवानी,पटरानी। सुनो मसानी,निर-अभिमानी, मिले प्रीति नित,आसानी। हे हटकेश्वर,श्री घृष्णेश्वर, प्रभो त्रिलोचन,वरदानी। **- शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर'**

श्रावण मास शिव अभिषेक कर

श्रावण मास शिव अभिषेक कर भक्त होते हर्षित दुग्ध, दही, मिश्री, शहद जल और पुष्प पाकर होते शिव मगन नमः शिवाय गूंजे चहुंओर सुनकर सकल ब्रम्हांड हो आनंदित प्रकृति में छाई हरीतिमा लहरा-लहरा कर पेड़-पौधे करते शिव वंदना बेलपत्र झड़-झड़कर मस्तक पर सजते सृष्टि भी कर रही अर्चना देखो जहां आये नजर प्रथम पूज्य गणेश आदिशक्ति जगदम्बा षड़मुख कार्तिकेय हर कोई गा रहा शिव परिवार की महिमा सावन सोमवार बड़ा पुण्यदायी वेदों ने इसकी महिमा गाई। **- सुश्री इंदु सिंह**

अपने भविष्य को पूरी शक्ति

अपने भविष्य को पूरी शक्ति से अपने भीतर खींचे अपने वर्तमान को अपनी क्षमता अनुसार रोक कर रखें अपने भूतकाल को पूरी ताकत से बाहर निकाल दें यही है सर्वश्रेष्ठ जीवन योग।

- अश्क शायर

दिन ढल रहा है शाम आ

दिन ढल रहा है शाम आ गई है रौशनी का अंत मैं देख रहा हूँ। है चाँद को गुरूर ऊषा की लालिमा में चाँदनी का अंत मैं देख रहा हूँ। सोया खोया पाकर जागने की जिद में जिंदगी का अंत मैं देख रहा हूँ। **- बिट्टू पुरोहित**

चलो आज कुछ नया सीखतें

चलो आज कुछ नया सीखतें हैं हाँ आज इश्क आजमातें हैं देखतें हैं आते हैं प्यारे सपने या वो दिल तोड़ जातें हैं । तजुर्बा कर लें जब तक जिंदा हैं मिट्टी हुए तो क्या सिखाएंगे आशिकों को? वो जो नंगे पाँव इस रास्ते पर चल पड़तें हैं उनके पाँव तले नर्म सा हो बिछ जाएंगे चलो आज कुछ नया करतें हैं दिल अपना देकर किसी को किसी का दिल रखतें हैं अब चाहे जो हो अंजाम बस एक ये कला भी सीख आतें हैं देखतें है कल अश्कों का साथ होगा या किसी के साथ मुश्कुराते हैं । **प्रीती श्रीवास्तव**

आँगन में दो धूप नहाये

आँगन में दो धूप नहाये किशोर घरौंदे पर तुलसी की छाया, तुलसी दल,मँजरी,झुटपुट अँधेरा- घरौंदे में आश्वस्ति का एक दीप, गेरू का दबा रंग कच्ची गंध स्तब्ध मौन अकुलाहट प्रतिक्षा करती राधा एक कृष्ण मन। **- शेष अमित**

प्यारी लगती है बहुत, बच्चों को

प्यारी लगती है बहुत,बच्चों को बरसात। छाता लेकर भीगते ,नहीं मानते बात। नहीं मानते बात,बड़े उनको समझाते। सर्दी और जुकाम ,भीगकर पास बुलाते। कष्टों से अनजान ,रचाते दुनिया न्यारी। करते बच्चे बात ,बहुत ही प्यारी-प्यारी।।

-डॉ.बिपिन पाण्डेय

QUIZ TIME

1) किस राज्य में ऑनलाइन बाढ़ रिपोर्टिंग और सूचना प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ किया गया है?
2) शेख जायद बुक पुरस्कार जीतने वाला पहला भारतीय कौन है?
3) किस वर्ष 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की गई?
4) जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, हाल ही में किस राज्य ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत पाइप कनेक्शन का लक्ष्य हासिल कर लिया है?
5) भारतीय रिजर्व बैंक ने किसे नए कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) असम (2) डॉ. ताहिरा कुतुबुद्दीन (3) 1974 (4) पुडुचेरी (5) अजय कुमार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1586 -इंगलैंड से वापस लौटने पर सर थामस हेरिओट ने यूरोप को आलू के बारे में जानकारी दी 1 1741- कैप्टन बेरिंग ने माउंट सैंट एलियास, अलास्का की खोज की। 1742 - प्रशिया और आस्ट्रिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1821- पेरू ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।1858- जिन्होंने फिंगर प्रिंट को पहचान का बेहतर तरीका बताने वाले सर विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म1 1866- अमेरिका में मापने की मीट्रिक प्रणाली को कानूनी मान्यता मिली। 1914- प्रथम वि?व युद्ध की शुरुआत। 1914: एस.एस. कामागाता मारू को वेंकुवर से निकाल कर भारत रवाना किया गया। 1925- हेपेटाइटिस का टीका खोजने वाले बारुक ब?लमर्ग का जन?म। इसी दिन 28 जुलाई को ही वि?व हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। 1976- चीन में रिक्टर पैमाने पर 8.3 की तीव्रता का भूकंप आने से लाखों लोगों की मौत। 1979- चरण सिंह देश के पांचवें प्रधानमंत्री बने। 1995- वियतनाम आसियान का सदस्य बना। 2001- पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्दिकी खान कंजू की हत्या। 2005- सौरमंडल के दसवें ग्रह की खोज का दावा। 2005- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी (आईआरए) ने अपने सशस्त्र संघर्ष को रोकने का ऐलान किया और लोकतांत्रिक तरीके से अपना अभियान चलाने की बात कही।

कटरीना ने शुरू की 'टाइगर 3' की ट्रेनिंग

नई दिल्ली। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और कटरीना कैफ अपनी आगामी फिल्म जासूसी थ्रिलर 'टाइगर 3' को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म से जुड़े कई सारे अपडेट हर रोज आते रहते हैं। हाल ही में सलमान खान को इस फिल्म के लिए जिम में पसीना बहाते देखा गया था। अब फिल्म की लीड एक्ट्रेस यानि कटरीना कैफका एक शानदार वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह ट्रेनिंग लेती हुई दिख रही हैं। वीडियो को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में कटरीना कैफएक्शन मोड में गजब दिख रही हैं। वह वीडियो में भी स्टंट तो कभी एक्सरसाइज करती देखी जा सकती हैं। वीडियो देखकर लग रहा है कि वह फिर से फिल्म में अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगी। इस कड़ी में उनकी कड़ी मेहनत और लगन साफ झलक रहा है। ट्रेनिंग वीडियो शेयर करते हुए वह कैप्शन में लिखती हैं, हैशटैग वर्क! वास्तव में मैं उन अमेजिंग टीचर्स और ट्रेनर्स के बिना कुछ भी नहीं कर सकती, जो मेरे साथ इतने धैर्य से काम करते हैं.. कुलदीप शशी ?हर रोज कुछ नया सीखाते हुए रिपोर्ट की मानें तो कटरीना कैफसलमान खान के साथ 'टाइगर 3' में एक पाकिस्तानी एजेंट बनकर दमदार एक्शन करतीं नजर आएंगी। जिसके लिए वह इतनी मेहनत कर रही हैं। वहीं कुछ रिपोर्ट की दावा है कि फिल्म के निर्देशक मनीष शर्मा ने कुछ 'बेहद जोखिम भरे एक्शन दृश्यों' की योजना बनाई है। 'टाइगर 3' कटरीना कैफके साथ सलमान खान अभिनीत जासूसी थ्रिलर फ्रैंचाइजी का तीसरा भाग है। कबीर खान द्वारा निर्देशित पहली किस्त 'एक था टाइगर' 2012 में रिलीज हुई थी। दूसरी 'टाइगर ज़िंदा है' 2017 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। अब कटरीना कैफके काम की बात करें तो, फिलहाल अभिनेत्री बैक टू बैक अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। टाइगर -3 के बाद वह फिल्म 'फोन बूथ' और सूर्यवंशी में नजर आएंगी।

श्वेता तिवारी बनेंगी तेज-तर्रार सीबीआई अफसर

मुंबई। श्वेता तिवारी के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह सीबीआई अफसर के रोल में नजर आएंगी। उल्लू ऐप के सस्पेंस थ्रिलर शुक्ला वर्सस त्रिपाठी में वह लीड रोल में दिखेंगी। इससे पहले रश्मि देसाई स्टारर टीवी सीरीज 'तंदूर' लोगों को काफी पसंद आई थी। अब श्वेता तिवारी को लेडी कॉप के रूप में देखना उनके फैंस के लिए एक्साइटिंग होगा। श्वेता तिवारी इस वक्त रियेलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 11' में नजर आ रही हैं।

जॉर्जिया और श्रेयस की फिल्म वेलकम टु बजरंगपुर की शूटिंग शुरू

मुंबई (वार्ता)। इटैलियन मॉडल-अभिनेत्री और श्रेयस तलपड़े की फिल्म वेलकम टू बजरंगपुर की शूटिंग शुरू हो गयी है। जॉर्जिया ने अपने हालिया संगीत वीडियो 'लिटिल स्टार' में शहबाज बदेशा के साथ अपने अद्भुत प्रदर्शन से सभी को आकर्षित किया था। अब, जॉर्जिया एंड्रियानी , आशीष कुमार दुबे और वीर महाजन द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू बजरंगपुर' के साथ बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। जॉर्जिया एंड्रियानी और श्रेयस तलपड़े ने अपनी फिल्म 'वेलकम टू बजरंगपुर' की शूटिंग शुरू कर दी है, जो एक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म का निर्माण अंजुम रिजवी ने किया है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है और इसे 'मैड फिल्म्स एंटरटेनमेंट' और अंजुम रिजवी फिल्म कंपनी (ए आर एफसी) के लेबल के तहत बनाया जा रहा है। फिल्म के निर्देशक, लेखक, निर्माता आशीष कुमार ने 'फंस इन गोवा', '100 ग्राम जिंदगी' जैसी कई फिल्में लिखी हैं। उन्होंने कहा, ÷जब मैं स्क्रिप्ट लिख रहा था तब मैंने श्रेयस तलपड़े जैसे अभिनेताओं के बारे में सोचा था। श्रेयस सर और जॉर्जिया मैम, दोनों मेरी फिल्म के लिए पूरी तरह से फिट हैं। जब मैंने उन्हें यह कहानी सुनाई तो उन सभी को स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई।

अनन्या पांडे ने नव्या के लिए जाहिर की चिंता

नई दिल्ली। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' की एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक वीडियो फोटो शेयर किया है, जिसमें वो वर्कआउट करती दिख रही हैं। अनन्या के इस वीडियो पर अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने कमेंट किया है। लेकिन नव्या के कमेंट का रिप्लाई करते हुए अनन्या ने कुछ ऐसा लिख दिया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स नव्या के लिए चिंता जाहिर करने लगे हैं। इस वीडियो में अनन्या पांडे ब्लैक जिम आउटफिट में वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। वहीं लास्ट में कई सारे लोग उनके लिए ताली बजाते दिखते हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अनन्या कैप्शन में लिखती हैं, ''यह हमारी शूटिंग का आखिरी दिन था इसलिए मुझे मजबूत अंत करना था और पॉवर टीम को दिखाना था कि हम कैसे काम करते हैं? आप कैसे दिखते और महसूस करते हैं? यह प्यार करने का समय आ गया है, इसलिए आएं और आज ही मेरे साथ मेरा वर्कआउट रूटीन मुफ्त में शुरू करें और पॉवर भी पाएं! ? अपने शरीर और अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रतीक्षा न करें, मैं इसे आसान बनाने के लिए आपके साथ रहूंगी!

न्यूज गैलरी

भारतीय मुक्केबाज लवलीना कड़ा मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची

टोक्यो (वार्ता)। भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहेन ने यहां मंगलवार को टोक्यो ओलंपिक 2020 में 16वें राउंड में महिला 69 किग्रा (वेल्टरवेट) वर्ग में कांटे के मुकाबले में जर्मनी की नादिन एपेट्ज को हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता बोर्गोहेन ने रयोगोकू कोकुगिकन क्षेत्र में आयोजित इस मुकाबले को 3-2 के अंतर से जीता। लवलीना का अब शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन से मुकाबला होगा।

स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल के दाम आज लगातार 10वें दिन रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर स्थिर रहे। डीजल के मूल्य में भी लगातार 12वें दिन कोई बदलाव नहीं किया गया। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 101.84 रुपये और डीजल 89.87 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। देश के दूसरे शहरों में भी पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 3-0 से हराया

टोक्यो (वार्ता)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों शर्मनाक हार के बाद यहां मंगलवार को ग्रुप ए मैच में स्पेन को 3-0 से हराकर अपनी जीत का फॉर्म फिर से हासिल किया। भारत की तरफ से रुपिंदर पाल सिंह ने 15वें और 51वें, जबकि सिमरनजीत सिंह ने 14वें मिनट में गोल किया। इनमें से एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आया। वहीं अनुभवी भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत के ओलंपिक अभियान को पटरी पर लाने के लिए अच्छा बचाव किया और एक भी मौके को गोल में बदलने नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि पूल ए में भारत की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से 1-7 से हारने से पहले शनिवार को न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था। भारत अब ग्रुप टीमों के समूह में दूसरे स्थान पर है। समूह की शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण में जाएंगी।

रिलायंस ने कर्मचारियों को कोविड के 10 लाख टीके लगाए

अब आम लोगों को भी 10 लाख टीके लगाएगी

नई दिल्ली (वार्ता)। उद्योग जगत के सबसे बड़े टीकाकरण प्रोग्राम के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज अब तक 10 लाख से भी अधिक फ्री वैक्सीन लगवा चुकी है। ये टीके रिलायंस के 'मिशन वैक्सीन सुरक्षा' के तहत लगाए गए हैं। कंपनी देश में कोविड वैक्सीन के अभियान को बढ़ाते हुए आम लोगों को अतिरिक्त 10 लाख टीके और लगाएगी। पिछले महीने कंपनी की वार्षिक आम सभा में रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता एम अंबानी ने आम लोगों के लिए टीकाकरण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

उन्होंने कहा,÷ इस मिशन को राष्ट्रव्यापी आधार पर लागू करना एक बहुत बड़ा काम है लेकिन यह हमारा धर्म है, हर भारतीय के लिए हमारा कर्तव्य, सुरक्षा और सुरक्षा का हमारा वादा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ, हम कर सकते हैं, और हम इससे बाहर आएंगे। रिलायंस ने वैक्सीनेशन के लिए देश भर में 171 सेंटर स्थापित किए हैं। रिलायंस फाउंडेशन अब एनजीओ के जरिए 10 लाख अतिरिक्त डोज और लगाएगी। इनको प्लांट के पास के लोगों को और आम जनता को लगाया जाएगा।

'मिशन वैक्सीन सुरक्षा' के तहत वैक्सीन के 10 लाख डोज लग चुके हैं। कंपनी के 98 फीसदी कर्मचारियों को वैक्सीन की कम से कम एक डोज लग चुकी है। कोरोना वैक्सीनेशन के दायरे में कंपनी के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्य तो आते ही हैं। इसके अलावा कंपनी ऑफ रोल कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को भी पूरी तरह से मुफ्त में टीका लगाया रही है।

रिलायंस फाउंडेशन कोविड को रोकने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रहा है। इसमें एक लाख मरीजों को मिल सके इतनी ऑक्सीजन का उत्पादन फ्री किया जा रहा है। साथ ही पूरे देश में 2000 कोविड केयर बेड की देख-रेख का जिम्मा भी उठा रखा है। फाउंडेशन ने कोरोना से प्रभावितों को 7.5 करोड़ भोजन भी उपलब्ध करवाया। रिलायंस ने 2019-20 के दौरान देश के कुल सीएसआर खर्च में चार प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

असॉर्ट कंपनी के ऐप ने बनाया को-कॉमर्स को देश में आसान

नई दिल्ली (वार्ता)। असॉर्ट कंपनी का को-कॉमर्स के प्लेटफॉर्म देश में बिज़नेस कम्युनिटी और डिजिटल इंडिया का एक नायाब उदाहरण है। एसॉर्ट कंपनी के इस प्लेटफॉर्म से देश के अलग-अलग इलाकों से आने वाले उद्योगपति, एंटरप्रेन्योर आदि जुड़े हैं, जिन्हें यहाँ अपनी सेल्स बढ़ाने, कम्युनिटी के सदस्यों और ग्राहकों से बेहतर कम्युनिकेशन करने और अपने ग्रोथ के लिए नए विकल्प तलाशने में बहुत मदद मिलती है। अब डायनामिक बेनेफिशियल एकॉर्ड मार्केटिंग प्रा लिमि.. की असॉर्ट कंपनी एक कदम आगे बढ़ते हुए असॉर्ट ऐप लॉन्च करने जा रही है, और इसी तरह इससे जुड़ी बिज़नेस कम्युनिटी को और भी आसानी होगी और वे तेज़ी से आगे बढ़ेंगे। असॉर्ट एप आईओएस और एंड्राइड दोनों पर मौजूद है, जहाँ से इसे डाउनलोड करके इस्तेमाल किया जा सकता है। कोविड महामारी के दौर में भी जब सभी आर्थिक तंगी के दौर से गुज़र रहे थे, असॉर्ट कंपनी एक ऐसा प्लेटफॉर्म रहा जिसने अपनी बिज़नेस कम्युनिटी का हौसला बनाए रखा, उनको सेल्स में मदद की और उनके बिज़नेस आईडिया के साथ मायूस नहीं होने दिया बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाया। रोशन सिंह बिष्ट-सीईओ एंड फाउंडर ऑफ़ डायनामिक बेनिफिशियल एकॉर्ड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने कहा,÷ ग्राहकों और बिज़नस ऑनर्स की सहूलियत और आसानी को ध्यान में रखते हुए इस ऐप को लॉन्च किया गया है। असॉर्ट एप के ज़रिये और भी ज्यादा बिज़नेस ओनर्स और कस्टमर्स को जोड़ने में मदद मिलेगी।

बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ खुले। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 143.45 अंक की मजबूती के साथ 52,995.72 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 53,024.70 अंक तक चढ़ गया। सोमवार को यह 52,852.98 अंक पर बंद हुआ था। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 87.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,940.17 अंक पर था।

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक जैसी कंपनियों में लिवाली रही जबकि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी और इंफोसिस के शेयरों में बिकवाली हावी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 26.05 अंक चढ़कर 15,860.50 अंक पर खुला और 15,881.55 अंक तक मजबूत हुआ। पिछले कारोबारी दिवस यह 15,824.45 अंक पर बंद हुआ था। खबर लिखे जाते समय निफ्टी 33.50 अंक यानी 0.21 फीसदी ऊपर 15,857.95 अंक पर था।

अमेरिकी शेयर बाजारों में सोमवार को रही तेजी का असर भी आज घरेलू शेयर बाजारों पर दिखा।

सोने-चाँदी की चमक बढ़ी

मुंबई (वार्ता)। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी से घरेलू स्तर पर सोमवार को सोने और चाँदी की चमक बढ़ गई। एमसीएक्स वायदा बाजार में सोना 127 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत चढ़कर 47,661 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोना मिनी भी 123 रुपये की बढ़त के साथ 47,644 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चाँदी 447 रुपये यानी 0.67 प्रतिशत मजबूत होकर 67,471 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी भी 373 रुपये चमककर 67,642 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 5.90 डॉलर महँगा होकर 1,808.15 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा भी 6.30 डॉलर चढ़कर 1,808.10 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.23 डॉलर मजबूत होकर 25.38 डॉलर प्रति औंस पर रही।

आस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज से 2-1 से जीती सीरीज

बारबाडोस (वार्ता)। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड (51) के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर एश्टन एगर (19, 2/31) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां सोमवार को तीसरे और आखिरी निर्णायक वनडे मैच में छह विकेट से एकतरफा जीत के साथ वेस्ट इंडीज से तीन मैचों की सीरीज को 2-1 से जीत लिया। बड़ा लक्ष्य देने के उद्देश्य से टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान विंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के सिमट गई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने विंडीज को 45.1 ओवर में महज 152 रन पर ही ऑलआउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज एविन लुईस ही इकलौते बल्लेबाज रहे, जिन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। लुईस ने पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए। उन्होंने शुरू से अंत तक एक छोर संभाले रखा, लेकिन दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे और अंततः टीम 152 रन पर सिमट गई। जवाब में आचार स्ट्रेलिया ने मैथ्यू वेड के नाबाद अर्धशतक और एगर की नाबाद 19 रन की पारी की बदौलत 30.3 ओवर में चार विकेट पर 153 रन बना कर मैच और सीरीज दोनों जीत लिए। वेड ने पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 52 गेंदों पर 51, जबकि एगर ने तीन चौकों की मदद से 33 गेंदों पर 19 रन बनाए।

जिंदल स्टेनलेस को 271 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली (वार्ता)। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 271 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। कंपनी के निदेशक मंडल ने सोमवार को वित्त-वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम को मंजूरी दी। वित्त-वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में बिक्री 168 प्रतिशत बढ़कर 2,37,852 टन रही। इस दौरान उसे 271 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में लॉकडाउन तथा अन्य कारणों से कंपनी को 87 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। कंपनी ने समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अपनी डिलीवरेजिंग की रणनीति को बढ़ावा दिया और अपने दीर्घकालिक ऋण (ग्रुप कंपनी जेएसएचएल के ऋण के अतिरिक्त) में 210 करोड़ रुपये की कटौती की। कंपनी पर कुल ऋण (ग्रुप कंपनी जेएसएचएल के ऋण के अतिरिक्त) 30 जून 2021 को 1,445 करोड़ रुपये था।

अनुभव का फायदा डा. पाण्डेय को ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान खेल संघों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया

डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय छठी बार ओलंपिक में शामिल होंगे

लखनऊ (वार्ता)। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय टोक्यो ओलंपिक 2021 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह लगातार छठा मौका है जब वह भारतीय ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि के तौर पर ओलंपिक में शामिल होंगे। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में डा. पाण्डेय को सोमवार को लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रदेश के खेल संघों ने पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर सूबे के कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि दूसरे देश पदक के मामले में हमसे बेहतर है। इस स्थिति में बदलाव के लिए हमें जिला स्तर पर उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करके उन्हें प्रोत्साहन देना है। हम इसके लिए वित्तीय सहायता देंगे।

डॉ. पाण्डेय ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक से मिले अनुभव के आधार पर यूपी ओलंपिक एसोसिएशन व प्रदेश के खेल संघों की एक टीम बनेगी जो यूपी को खेलों में आगे बढाने की दिशा में काम करेगी और इस दिशा में योजना बनाएगी। खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने कहा कि आनंदेश्वर पाण्डेय का जीवन खेलों को समर्पित है और उनके ओलंपिक से मिले अनुभव का फायदा राज्य में खेलो के बेहतर प्रबंधन में काम आएगा। लखनऊ ओलंपिक एसोसियेशन के महासचिव डा.सैयद रफत ने डा. पाण्डेय को पदश्री दिए जाने की मांग उठाते हुए कहा कि लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन इस बारे में अभियान चलाएगा जिसका सभी खेल संघों ने समर्थन किया। इस अवसर पर हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनीष कक्कड़, हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त सचिव स्वाति शुक्ला, इकाना स्पोर्ट्स सिटी के सीएमडी उदय सिन्हा की ओर से सीईओ प्रदीप राय, यूपी वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव सुनील तिवारी, कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह, यूपी याचिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान, यूपी रोइंग एसोसिएशन के महासचिव सुधीर शर्मा, यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सीके शर्मा, यूपी तैराकी एसोसिएशन के सचिव रविन कपूर, यूपी तलवारबाजी संघ के सचिव यूजिन पाल आदि समेत विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी मौजूद थे।

मीराबाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेल) नियुक्त किया जाएगा

इम्फाल (वार्ता)। टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीतकर इतिहास बनाने वाली महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू को उनके राज्य मणिपुर में पुलिस विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेल) नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह घोषणा की। उन्होंने क्वाकगेई में डीआरडीओ द्वारा कोविड अस्पताल के निर्माण और पोरोम्पट में क्रायोजेनिक ऑक्सीजन प्लांट की चल रही स्थापना का निरीक्षण करने के दौरान यह घोषणा की।

भारतीय निशानेबाजों का एक और निराशाजनक प्रदर्शन

टोक्यो (वार्ता)। भारत के टोक्यो ओलम्पिक में निशानेबाजी अभियान को मंगलवार को उस समय गहरा झटका लगा जब एयर पिस्टल और एयर राइफल्स में उसकी मिश्रित टीमें जल्दी बाहर हो गयीं। 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा सौरभ चौधरी और मनु भाकर क्वालिफाइंग चरण 2 में मिक्स्ड टीम मैडल मैच के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं जबकि अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल क्वालिफाइंग चरण एक में 17वें स्थान पर रहे।

मनु और सौरभ ने खराब शुरुआत की और 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहे जिसमें सौरभ ने 200 में से 194 और मनु ने 200 में से 186 का स्कोर किया। मुकाबले में मौजूद आठ टीमों के बीच दो पदक मैचों में से किसी एक में आने के लिए उन्हें टॉप चार में फिनिश करना था।

इससे पहले एयर पिस्टल स्पर्धा में एक अन्य भारतीय टीम अभिषेक और यशस्विनी असाका शूटिंग रेंज में चरण एक क्वालिफायर्स में निराश करते हुए बाहर हो गयी।

10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में एलवेनिल वलारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार तथा अंजुम मुद्गिल और दीपक कुमार की जोड़ियां क्वालिफिकेशन राउंड के पहले चरण में ही बाहर हो गयीं। वलारिवान और दिव्यांश को 12वां स्थान मिला जबकि अंजुम और दीपक 18वें स्थान पर रहे।

चारागाह के लिए एक सप्ताह के भीतर जमीन उपलब्ध कराए तहसीलदार

■ **हाट-बाजार क्लीनिक योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक में शासन की फ्लैगशिप एवं महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग को मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये हैं। गोधन न्याय योजना अंतर्गत बनाये जा रहे कम्पोस्ट खाद का विक्रय सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टर ने बताया कि तेईस हजार क्विंटल कम्पोस्ट खाद निर्माण किया गया है। इसे किसानों तक वितरित सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय पर उन्हें खाद का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को एक सप्ताह के भीतर चारागाह के लिए

जमीन चिन्हांकन करने के निर्देश दिये है। यदि शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण हुआ है, तो उसे खाली कराये। शासन के निर्देशानुसार कोविड पॉजिटिविटी रेट 01 प्रतिशत से कम होने पर 02 अगस्त से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की कक्षाएं प्रारंभ करने के संबंध में भी कलेक्टर ने निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पर्याप्त सफाई किया जाए और बच्चों को 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ बैठाया जाए। साथ ही स्कूलों में बच्चों के कोविड टेस्ट भी सुनिश्चित किया जाए। शासकीय आवासों के मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिये है। क्रेडा विभाग को तौरेंगा, आमामोरा, भालूडिग्गी में सोलर लाईट को प्राथमिकता के आधार पर सुधार कर प्रारंभ करने कहा है। इसके अलावा जल जीवन मिशन, आंगनबाड़ी को 01 अगस्त से प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। समय-सीमा में प्राप्त पत्रकों की समीक्षा भी की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया, एसडीएम विश्वदीप सहित समस्त विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने की स्वतंत्रता दिवस तैयारी की समीक्षा

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने समय-सीमा बैठक पश्चात स्वतंत्रता दिवस समारोह तैयारी की समीक्षा बैठक ली। जिला अधिकारियों को सौंपे गये समस्त कार्य 12 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि आजादी का पर्व गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए समारोह में शासन द्वारा जारी गाइडलाईन का पालन किया जायेगा। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने बताया कि कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए इस बार समारोह आयेजन के दौरान विशेष सावधानी बरती जाएगी तथा भारत सरकार गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा। उन्होनें बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेगें और पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जायेगी। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे आरंभ होगा। कलेक्टर ने विगत वर्षो की भांति अधिकारियों को जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश एवं जिम्मेदारी सौंपें। कलेक्टर ने कहा कि समारोह का स्वरूप शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रात्रि में सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों में रोशनी करने के भी निर्देश दिये।

भक्तों ने बेलपत्र के साथ सवा लाख पार्थीव शिव की पूजा की

खरोरा। सावन मास प्रारंभ हो गया है और - सावन का पहला सोमवार है इसे लेकर शिवलयों में सुबह से ही मंदिर में हर हर महादेव एवं बोल बम के नारे गूंजते रहे। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मास आज से प्रारंभ हो गया है

पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन मास में भोलेनाथ की आराधना करने से भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सावन मास में भोलेनाथ की आराधना के लिए मदार का फूल , बेलपत्र , धतूरा ,चना दाल , चावल दो शहद आदी का अर्पण करने से भक्तों को शुभ फल की प्राप्ति होती है । पंडित चंदन प्रसाद के अनुसार सावन मास में भक्तों द्वारा शिव की भक्ति करने से अनेक पुण्यो का लाभ मिलता है । आज से सावन मास शुरू हो रहा है सवा लाख पार्थीव शिवजी का प्रारंभ हो गया है । हालांकि कोरोना

किसानो के लिए अभिशाप बनी प्रदेश की कांग्रेस सरकार: भुनेश्वर चंद्राकर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा विष्णु देव साय के आवाहन पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शयाम बिहारी जयसवाल के निर्देश पर जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रदेश के काग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर पर गरजे भाजपाई।

जिले के किसानों की खाद एवं बिजली की मांग जैसी समस्याओं के विरोध में आवाज को लगातार बुलंद करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले श्रावण मास के पहले सोमवार को एक बार फिर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में जिले की दोनों विधानसभाओ में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन का भव्य आयोजन किया गया। विधानसभा पंडरिया मुख्यालय के नगर पंचायत पंडरिया तथा विधानसभा कवर्धा के वनांचल विकासखंड बोडला मुख्यालय में आयोजित इन धरना प्रदर्शन कार्यक्रमों में भाजपा के कई दिग्गजों ने शामिल होकर न सिर्फकिसानों की आवाज बुलंद की बल्कि प्रदेश की भूपेश सरकार की जमकर बखियां उधेड़ी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार आज किसानों के लिए अभिशाप बन गई है। आलम ये है कि जबसे प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस सरकार काबिज हुई है किसानों की समस्याएं साल दर साल लगातार बढ़ते ही जा रही है। आज हालात यह है कि सरकार ना तो किसानों से उनकी पूरी धान खरीद

रही है और जो धान खरीदी भी जा रही है उसे सहकारी समितियों में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है। आज भी जिले की दर्जनों समितियों में किसानों से खरीदा गया लाखों की क्विंटल धान बीते करीब 7 माह से खुले आसमान के नीचे पड़ा सड़ रहा है। खेती किसानी के इस सीजन में खाद की यह स्थिति है कि समितियों में किसानों को खोजे खाद नहीं मिल रहा है जबकि खुले बाजार में सरकार ऊंचे दामों में जमकर खाद बिकवा रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार के अभिशाप का दंश सिर्फ किसान नहीं भुगत रहे हैं बल्कि सेवा सहकारी समिति प्रबंधन और उनके कर्मचारी भी सरकार से त्रस्त है यही वजह है कि सेवा सहकारी समिति प्रबंधन व कर्मचारी गत 24 जुलाई से समितियों में तालाबंदी कर बेमुद्दत हड़ताल पर चले गए हैं, ऐसे में अब किसानों की समस्याएं और अधिक बढ़ गई है। बावजूद इसके सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता दिखाई दे रहा है।ना तो उसे गांव, गरीब, किसान की चिंता है और ना ही अपने कर्मचारियों की। सरकार पूरी तरह सत्ता के मद में चूर नजर आ रही है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदेश मंत्री विजय शर्मा सहित अन्य कई दिग्गजों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पंडरिया में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रभारी पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, बोडला कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी सह प्रभारी जसविंदर बग्गा, एवं राजेंद्र चंद्रवंशी, क्रांति गुप्ता, भावना बोहरा, चन्द्र कुमार सोनी, दिनेश मिश्रा, अंबिका चन्द्रवंशी, नवल किशोर पाण्डेय, कैलाश चन्द्रवंशी, रामकुमार चन्द्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, तुलश कश्यप, सूरेश दुबे, रोशन दुबे, पुष्पलता राज, विरेन्द्र शर्मा, बालाराम चन्द्रवंशी, पियूष ठाकुर, विशाल शर्मा, तुकेश चन्द्रवंशी, सचिन गुप्ता, जलेश साहू, युवराज ठाकुर, सेवाराम कुर्रे, पंडरिया मण्डल अध्यक्ष गजपाल साहू, सुखदेव धुर्वे, मुकेश ठाकुर, निलांबर चन्द्राकर, परमेश्वर चन्द्रवंशी, रतिराम भट्ट, राघवेन्द्र वर्मा, बोड़ला मण्डल अध्यक्ष बरसातीराम वर्मा, संतोष मिश्रा, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, शिवकुमार चन्द्रवंशी, चंदन पटेल, गुलाब साहू, मंगलू राम परते तथा बोड़ला में आयोजित धरना प्रदर्शन में प्रभारी पूर्व विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी, सह प्रभारी राजेन्द्र चन्द्रवंशी, नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, संतोष पटेल, संतराम धुर्वे कृष्णा चंद्राकर, स्वतंत्र तिवारी, पद्मराज राज, रविस सिंह, बसंत वटिया, कृष्णा कुम्भकार, रितेश सिंह, नरोत्तम साहू, अमित चंद्रवंशी, दशरथ कुम्भकार,मनहरण साहू, विकास तिवारी, सहित हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन फिर शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला अस्पताल कवर्धा में कोविड के कारण मोतियाबिंद का ऑपरेशन रोक दिया गया था। इसे अब पुनः आरम्भ कर दिया गया है। जिला चिकित्सालय कबीरधाम में नव पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत कौशिक के द्वारा गत दिनों 2 मरीजों के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन करके यह सेवा फिर से प्रारंभ किया गया।

सिविल सर्जन डॉ पी सी प्रभाकर ने इस सम्बंध में बताया कि कोविड के कारण जिला अस्पताल में यह सेवा

स्थगित की गई थी , लेकिन शासन से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप अब स्वास्थ्य की तमाम सेवाओं को फिर से सुचारू किया जा रहा है, इसी कड़ी में मोतियाबिंद ऑपरेशन भी आरम्भ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी सम्बन्धित व्यक्ति ओपीडी समय सुबह 9 से 1 व शाम को 5 से 7 बजे के बीच अपनी कक्ष क्रमांक 5 में अपनी आंखों की जांच कराकर चिकित्सक की सलाह से ऑपरेशन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज 4 मरीजों को भर्ती करके कल बुधवार को इनका ऑपरेशन किया जाएगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामप्यारी पति धरमराज साहू निवासी ग्राम कारेसरा तहसील बोड़ला के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि खरहट्टा प.ह.नं. तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 317/2 रकबा 0.243 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) में व्यपवर्तित कराए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 06.08.2021 तक दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/07/2021

पेशी दिनांक 06/08/2021

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामप्यारी पति धरमराज साहू निवासी ग्राम कारेसरा तहसील बोड़ला के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि खरहट्टा प.ह.नं. तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 317/4 रकबा 0.222 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (वेयर हाउस गोदाम) में व्यपवर्तित कराए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 06.08.2021 तक दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/07/2021

पेशी दिनांक 06/08/2021

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता

लोक निर्माण विभाग, विधान सभा संभाग, रायपुर (छ.ग.)

निविदा संशोधन

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा आमह्यंत्रण सूचना क्रमांक-7/2021-2022/ टी.सी. दिनांक 13/07/2021 में कार्य की पुर्नरावृत्ति होने के कारण निविदा क्र. T-0048, T-0049, T-0051 एवं T-0052 को निरस्त किया जाता है तथा शेष यथावत।

निविदा में अन्य जानकारी यथावत रहेगी।

जी-62337/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. विधानसभा संभाग
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)

फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395

ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 66/2021-22

वार्ड का नाम- डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61 स्थित मकान/ भूमि 61/रावतपुरा नगर मठपुरैना जो कि निगम अभिलेख में श्री दुलेश्वर साहू पिता श्री समारू राम साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री दुल्लीचंद साहू पिता श्री मेहत्तर सिंह साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय-गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/अस्प./2021-22/1539 — गरियाबंद, दिनांक 24/07/2021

// निविदा आमंत्रण //

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय-गरियाबंद जिला-गरियाबंद वर्ष 2021-22 हेतु भोजन व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्म हेतु मुहरबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा पत्रक (प्रपत्र) अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर कार्यालयीन समय में रु. 1000/- शब्दों में (एक हजार रुपए मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 20.08.2021 समय दोपहर 04.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक 20.08.2021 समय दोपहर 04.00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 25.08.2021 समय शाम 05.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 26.08.2021 समय दोपहर 12.00 बजे

जी-62347/1

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय- गरियाबंद
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामप्यारी पति धरमराज साहू निवासी ग्राम कारेसरा तहसील बोड़ला के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि खरहट्टा प.ह.नं. तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 323/6 रकबा 0.146 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (पोहा मिल) में व्यपवर्तित कराए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 06.08.2021 तक दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/07/2021

पेशी दिनांक 06/08/2021

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)

फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395

ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 67/2021-22

वार्ड का नाम- शहीद बिग्रेडियर उस्मान- 63

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद ब्रिगेडियर उस्मान-63 स्थित मकान/ भूमि 63/55/1224 धनगर चौक टिकरापारा जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती संध्या ठाकुर पति श्री विजय सिंह ठाकुर के नाम से दर्ज है, जिसको श्री केदार धनगर पिता श्री धनेश धनगर ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 122/2021-22

वार्ड का नाम- वीर सावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर स्थित मकान/ भूमि सीएच-189 जो कि निगम अभिलेख में श्री कमलेश सिंह राजपूत पिता टीकम सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री विनोद यादव s/o रामफेर यादव ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 121/2021-22

वार्ड का नाम- वीर सावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर स्थित मकान/ भूमि सीएच-188 जो कि निगम अभिलेख में श्री छन्नू सिंह ठाकुर पिता शिव सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अजय कुमार यादव s/o राजेन्द्र प्रसाद यादव ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

वृत्त रायपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना — विज्ञापन क्र.-172

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त रायपुर के संभाग-01 कबीर नगर, रायपुर अंतर्गत ड्रेन, कल्वर्ट एवं सीवर लाईन का मरम्मत कार्य हेतु 03 मैन्युवल निविदा तथा संभाग-02 शंकर नगर, रायपुर अंतर्गत कचना फेस-01 में भवन मरम्मत कार्य हेतु 01 मैन्युवल निविदा ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कुल 04 कार्यों की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित संभाग कार्यालय में संपर्क करे।

संवाद-29403/1 — उपायुक्त

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 1010/लो.क.वि./न.पा.नि./2021 — रायगढ़, दिनांक 24/07/2021

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा पार्षद निधि, एल्डरमेन निधि, महापौर अनुशंसा निधि विधायक मद, सांसद मद, निकाय मद, ब्याज की राशि, डीएमएफ मद अधोसंरचना मद, केन्द्र एवं राज्य प्रावर्तित एवं ऐसा मद जो पूर्व से चिन्हांकित नहीं हो परंतु निकाय का कार्य संपादन हेतु प्राप्त हुआ हो से निर्माण/ मरम्मत कार्य हेतु अनुदान राशि से एसओआर में प्रावधानित आईटम से संपादित किए जाने वाले सड़क/नाली/भवन/पुलिया आदि कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी वर्ग एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में पी.डब्ल्यू.डी. के भवन तथा सड़क एस.ओ.आर. (प्रभावशील दिनांक 01.01.2015) एवं इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु वर्ष दिनांक 01.07.2015 से प्रचलित दर अनुसूची पर नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 12/08/2021 को अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13/08/2021 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में)	अमानत राशि रुपए	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	सी.सी. सड़क, आर.सी.सी. नाली, पुलिया सामुदायिक भवन, छतदार चबुतरा आदि सिविल निर्माण कार्य एवं उसमें विद्युतीकरण स्थापना तथा सभी तरह के मरम्मत कार्य के लिए वार्ड क्र. 13 से 21 व 23 वार्ड के लिए पृथक-पृथक ग्रुप क्र. 13 से 21 व 23 तक के लिए वार्ड के अनुसार पृथक-पृथक निविदा को पृथक लिफाफे में प्रत्येक वार्ड अनुसार निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डी.डी. एवं अमानत राशि का टी. डी.आर./एफ.डी. आर. एवं निविदा प्रपत्र तीन लिफाफा पद्धति से प्रस्तुत करना होगा।	08.00 (लाख) प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 10x8 लाख का कार्य होगा।	6000/- रुपया प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 10x6 हजार का देय होगा।	750/- रुपया प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 10x750 रुपए देय होगा।

नोट :- 1. उपरोक्त कार्य की निविदा प्रपत्र वेबसाईट uad.cg.gov.in/ www.nagarnigamraigarh.com से डाउनलोड कर प्राप्त किया जावे तथा निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार के जानकारी की आवश्यकता पड़ने पर नगर निगम रायगढ़ के तकनीकी शाखा में प्राप्त किया जावे अन्यथा त्रुटि पूर्ण निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा।

''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें''

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

COLLEGE OF NURSING MODERN MEDICAL INSTITUTE LALPUR, DHAMTARI ROAD, RAIPUR (C.G.)

Approved by Regulatory Council

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Naya Raipur

Application are invited for following posts

S. No.	Name of the post	No. of Post	Qualification and Experience As per INC Norms
01	Principal cum Professor	01	15 Years experience with M Sc (N) out of which 12 years should be teaching experience with minimum of 5 years experience in collegiate programme. Ph. D. (N) is desirable
02	Vice-Principal cum Professor	01	12 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years should be teaching experience with minimum of 5 years in collegiate programme Ph. D. (N) is desirable
03	Professor	02	10 year experience with M.Sc. (N) out of which 7 years should be teaching experience Ph. D. (N) is desirable
03	Associate Professor/Reader	02	M.Sc. (N) with 8 years experience including 5 years teaching exprience Ph.D. (N) is desirable
04	Assistant Professor/ Lecturer	10	M.Sc. (N) with 3 years Teaching experience Ph.D.(N) desirable

Other terms & conditions :-

1. Experience — As per Council Norms
2. Pay Scale — As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation — As per state Government Norms

Selection criteria :- Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification , Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like -

* Number of paper publications in various national/ international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application :- Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

Incharge Registrar

प्रथम पेज का शेष

मंत्री टीएस सिंहदेव ने ...

मात्र घटनाक्रम दोहराए जाने के बाद सिंहदेव ने सदन छोड़ दिया। जबकि विधायक बृहस्पति सिंह ने अपने निवास पर 20 विधायकों को एकत्रित कर टीएस सिंहदेव पर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री बनने के लिए वे उनकी हत्या करना चाहते है।

मंत्री चौबे ने सरकार का किया बचाव

ससंसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वरिष्ठ मंत्री सिंहदेव और विधायक बृहस्पत सिंह मामले में गृह मंत्री ने सदन में घटना का वृतांत को रखा और वक्तव्य दिया, जिसमे विधायकों के साथ साथ पुरे प्रदेशवासियों की सुरक्षा की जवाबदेही सरकार का है ये कहा गया। मंत्री चौबे ने कहा कि गृह मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कहने के बाद इस मामले का पटाक्षेप हो जाना था। लेकिन गृह मंत्री के चलते वक्तव्य के बीच ही स्वास्थ्य मंत्री की टिप्पणी हुई और वे सदन छोड़कर चले गए। ये माना जा सकता ही कि ये गलतफही ही होगी। मंत्री सिंहदेव से चर्चा कर मामले को सुलझा लिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी मकई सुरक्षा की बात दोहराई है।

बृहस्पत सिंह को कारण बताओ...

इससे ठीक पहले विधायक पर शोकास नोटिस जारी किया गया है ताकि विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवाल को शांत किया जा सके। वहीं माना जा रहा है कि यह नोटिस टीएस सिंहदेव की नाराजगी को भी कम कर कोशिश हो सकती है।

आपको बता दें कि विधानसभा में मुख्यमंत्री की बैठक में सिंहदेव और बृहस्पत मामले पर निराकरण नहीं हो पाया। जिसके बाद सिंह देव ने कहा था कि उन्होंने बैठक के बाद सुलह के मुद्दे पर दो टूक कह दिया कि, ये भविष्य के गर्भ में है। वहीं सदन में कल शामिल होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि परिस्थिति जैसी रहेगी, उसके हिसाब से वो निर्णय लेंगे। संसे बड़ी बात ये है कि सिंहदेव में सबसे ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की एकजुटता देखि जा रही है। कार्यकर्ताओं ने भी बृहस्पत सिंह पर आलाकमान पर कार्रवाई करने लिखित शिकायत की है।

देश के किसानों पर है 17 ...

उठा और सरकार से सवाल पूछा गया कि क्या केंद्र सरकार किसानों के कर्ज को माफ करने की योजना बना रही है? इस पर लिखित में जवाब देते हुए वित्त राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड ने संसद को बताया कि किसानों की कर्जमाफी को लेकर फिलहाल सरकार की कोई भी योजना नहीं है।

नहीं छिपाया कोरोना से...

का अनुसरण करता है।

हालांकि यह एक लंबी प्रक्रिया है, जो कि यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी मौत न छूटे। आपको बता दें कि जन्म और मौत से संबंधित संख्याएं आमतौर पर अगले वर्ष प्रकाशित की जाती हैं।

विज्ञप्ति में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के भारत में कोविड -19 से संबंधित मौतों की उचित रिकॉर्डिंग के लिए मार्गदर्शन का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले मई में जारी किए गए घातक घटनाओं की संख्या में किसी भी भ्रम या असंगति से बचने के लिए जारी किया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे

फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

'मेरी पंचायत मेरा अधिकार-जन सेवाएं हमारे द्वार' अभियान के लिए आयोजित विशेष ग्राम में पंचायत प्रतिनिधियों का हंगामा

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासन के दिशा निर्देश के अनुसार जिले में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाना तय है जिसके तहत मेरी पंचायत मेरा अधिकार-जन सेवाएं हमारे द्वार अभियान अंतर्गत पंचायतों से संबंधित नागरिक घोषणा पत्र तैयार किया जाना है।

कलेक्टर गरियाबंद के निर्देश पर ग्राम पंचायत कोपरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन 27 जुलाई मंगलवार को पंचायत भवन में आयोजित हुआ लेकिन यहाँ मुख्य एजेंडा को दरकिनार कर दो गुटों में पहले से बट चुके पंचायत प्रतिनिधियों ने आपसी विवादों पर ग्रामसभा में जमकर हंगामा किया। आख़िरकार जनहित के लिए आयोजित आमसभा के मुख्य एजेंडा को दरकिनार कर दिया गया। ग्रामसभा में इस कदर बहस छिड़ी की ग्राम सभा में अन्य समास्या लेकर पहुँचे ग्रामीणों को बैरंग वापस लौटने पड़ गए। नवीन मिडिल स्कूल समिति के अध्यक्ष नेमीचंद सिन्हा एक आवेदन लेकर ग्राम सभा मे पहुंचे थे जिसमें उन्होंने स्कूल संचालन के लिए बरदमाल तालाब से मिलने वाली राजस्व राशि स्कूल को देने की मांग किया है जिस पर ग्राम सभा में कोई सुनवाई नहीं हुआ।

विशेष ग्राम सभा में उड़ी कोरोना गाइड लाइन की धज्जियां : ग्राम पंचायत के सचिव ने छोटे से बंद कमरे में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर वैसे ही शासन के कोरोना गाइड लाइन की धज्जियां उड़ा दी। ग्राम सभा के हिस्सा बनने आए ग्रामीण पंचायत भवन के बाहर ही खड़े होकर ग्राम सभा की गतिविधियों पर नज़र जमाये हुए थे। ग्राम सभा में बिना मास्क के लोगों को बिठाया गया,वहीं सैनिटाइजर का उपयोग भी नहीं किया गया इस तरह से ग्राम सभा में कोरोना संक्रमण को खुलेआम आमंत्रण दिया जाता रहा।

गौरतलब है कि कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन

अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। इस अभियान में तैयार नागरिक घोषणा पत्र को ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाना है। भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत व्यक्तियों को भूमि स्वामी का हक प्रदान किये जाने हेतु स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। स्वामित्व सर्वे ऑफइण्डिया के द्वारा ड्रोन के माध्यम से आबादी भूमि का सर्वे कर भूमि स्वामी को अधिकार अभिलेख प्रदान किये जाने की योजना है, जिसके लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त समन्वय से किया जाना है।

स्वामित्व योजना से ग्रामवासियों को होने वाले लाभ : ग्रामीण सम्पत्तियों का अधिकार अभिलेख निर्माण, प्रत्येक सम्पत्तिधारक को उसके सम्पत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना है। शासन की मंशा है कि सम्पत्तियों पर बैंक से ऋण लेना आसान होगा, सम्पत्तियों के पारिवारिक विभाजन, सम्पत्ति हस्तांतरण की प्रकिया सुगम, पारिवारिक सम्पत्ति के विवाद में कमी आयेगी।

वहीं स्वामित्व योजना से ग्राम पंचायत को होने वाले लाभ सम्पत्ति शुल्क के रूप में पंचायत को स्थानीय आय का साधन प्राप्त होगा, पंचायत स्तर पर ग्राम विकास की योजना बनाने में सुविधा, शासकीय एवं सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा एवं रख-रखाव आसान, सम्पत्ति के नामांतरण एवं बंटवारा का प्रत्यक्ष अधिकार

प्रदान हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा : विशेष ग्रामसभा के लिए कलेक्टर गरियाबंद ने कोविड-19 हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय स्तर पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करने का निर्देश भी जारी किया है।

> ग्राम सभा में हंगामा आम बात है, हंगामा तो हमेशा होते रहता है, फिर सब ठीक भी हो जाता है। ग्राम पंचायत भवन निर्माणाधीन होने के कारण छोटे जगह में ग्रामसभा का आयोजन किया गया लेकिन इसमें भी कोरोना संक्रमण गाइड लाइन का पालन भी हुआ है।
>
> **डॉ डॉली साहू**
> सरपंच ग्राम पंचायत कोपरा

न्यूज गैलरी

कोविड-19 जिला अस्पताल में अत्याधुनिक मशीन से होगी अब जांच

कवर्धा/नवप्रदेश। कोविड-19, कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर की संक्रमण को रोकने के लिए और संक्रमित व्यक्तियों की पहचान शीघ्रता से हो सके इसके लिए जिला प्रशासन हाई अलर्ट है। संक्रमित व्यक्तियों की पहचान ट्रूनॉट जांच के माध्यम से तेजी से हो इसके लिए ट्रूनॉट जांच की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। आईसीआईसीआई बैंक के माध्यम से कबीरधाम जिले को ट्रूनॉट जांच मशीन उपलब्ध कराई गई है। संबंधित बैंक के प्रतिनिधियों ने आज कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा से भेंटकर एक नग अत्याधुनिक ट्रूनॉट जांच मशीन भेंट की। जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास कार्यालय के पहल पर जिले को यह ट्रूनॉट जांच की अत्याधुनिक मशीन मिली है। कलेक्टर ने इस मशीन को जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंप दी है। जिला पंचायत सीईओं श्री विजय दयाराम के. ने बताया कि नई मशीन मिलने के बाद इसकी क्षमता लगभग 120 बढ़ जाएगी। जिले में ट्रूनॉट जांच मशीन की संख्या अब 5 हो गई है। इस अवसर पर कोविड-19 जांच एवं वैक्शिनेशन नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयराम के., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री एस. के. मंडल, बैंक के प्रतिनिधि एवं प्रभारी डीपीएम अनुपम शर्मा उपस्थित थे।

कमला कॉलेज में वंदेमातरम धरती की सेवा कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में वाणिज्य विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्राओं का जागरूक करने हेतु वंदेमातरम धरती की सेवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए अमिताभ दुबे, फाउंडर ग्रीन आर्मी, रायपुर, (उपाध्यक्ष, रायपुर शाखा, सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई) विशष अतिथि श्रीमती रात्रि लहरी, युवा विंग घेयर पर्सन ग्रीन आर्मी, रायपुर रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. निवेदिता ए. लाल के द्वारा किया गया। स्वागत भाषण वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. लाली शर्मा के द्वारा प्राण वायु ऑक्सीजन के महत्व को बताया व वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया।

सुपोषण के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में फिर जले चूल्हे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण के खतरे की आशंका की वजह से लगभग चार महीने से बंद आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन जिले में फिर शुरू किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के संवेदनशील आंगनवाड़ी केंद्रों को छोड़कर अन्य सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को कोविड-19 के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए फिर से शुरू करने के सशर्त निर्देश जारी किए हैं, जिसके फलस्वरूप आंगनबाड़ी केंद्रों में लाभार्थी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को गरमा-गर्म पौष्टिक भोजन परोसा जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र टेमली पहुंची एनीमिक महिला देहुति बाई पनेका (बदला हुआ नाम) ने बताया, सुपोषण अभियान से जुड़कर एनीमिया को मैंने हरा दिया है। जनवरी महीने में मैं एनीमिक श्रेणी में शामिल थी। मेरा हिमोग्लोबिन 7 ग्राम ही था। यह पता लगने पर आंगनबाड़ी केंद्र में मेरा पूरा ख्याल रखा गया और स्वास्थ्यगत सलाह भी दी गई। सुपोषण के लिए मुझे लगातार सूखा राशन दिया गया। इसके परिणाम स्वरूप अब मैं बिल्कुल स्वस्थ हूं। हिमोग्लोबिन का स्तर अब 12 ग्राम है। आंगनबाड़ी केंद्र टेमली की ही लाभार्थी सुकवारो बाई धनकर (बदला हुआ नाम) ने कहा, सुपोषण अभियान कुपोषित बच्चों और महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। साढ़े 4 वर्ष की मेरी बेटी नेमिन (बदला हुआ नाम) बहुत कमजोर थी, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में देखभाल होने के उपरांत वह कुपोषण में मध्यम श्रेणी में आ गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कार्यकर्ता के नियमित परामर्श मिलने से नेमिन को बहुत फायदा हुआ है।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगाँव विकासखंड के सभी 44 संकुल समन्वयको एवं 10 प्राथमिक शाला के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती सरस्वती बघेल, श्रीमती नमिता देवांगन तथा बीआरसी श्री सिन्हा के सानिध्य में आयोजित की गई। प्रशिक्षण की शुरुआत में मास्टर ट्रेनर सरस्वती बघेल के द्वारा अंगना म शिक्षा के उद्देश्य ए आवश्यकता, रूपरेखा एवं क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। उसके बाद नमिता देवांगन के द्वारा अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का नियोजन कैसे करें तथा अपने घर आंगन में उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल कर किस तरह से बच्चों को शिक्षित किया जा सके एवं उनमें शिक्षा के प्रति रुचि जागृत की जा सके पर विस्तार से चर्चा की।

धीरी ईरा नल जल योजना में नवप्रदेश खबर की आंच

पीएचई अधिकारी कार्यों की जांच करने पहुंचे अधिकारी पशोपेश में, किसके उपर गिरेगी गाज

नवप्रदेश संवाद्दाता

राजनांदगांव। 28 करोड़ की लागत से बनी धीरी ईरा नल जल योजना अधिकारियों के स्थल पर आने से एवं निरीक्षण करने से साबित हो रहा है कि इस योजना में खुला खेल एवं भ्रष्टाचार हुआ। अधिकारीगण एसएन पांडे, ईश्वर दास वैष्णव एवं पीएचई के अन्य अधिकारीगण आज पर्यंत तक कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

ांव में दो वक्त पानी की समस्या आज भी जस की तस खड़ी है। ऐसा गांव वालों का कहना है, वहीं पाइप डालने के लिए गड्ढे की गहराई 1 मीटर होनी चाहिए, वह भी 1 मीटर ना हो कर मात्र दो फिट के लगभग है। इस बारे में एसएन पांडे से पूछने पर उन्होंने कहा था जिसने गड्ढा खोदा है, वह जाने, मैं नहीं जानता। खोदे गए गड्ढे के ऊपर कांक्रीटीकरण करने के बारे में पूछा गया कि गड्ढे के ऊपर कांक्रीटीकरण कब तक होगा तो एसएन पांडे एवं अन्य अधिकारीगण का कहना है कि वो ठेकेदार जाने, ऐसे अस्पष्ट जवाब से तो यही प्रतीत होता है कि सब अधिकारीगण भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और घर के ठेकेदार को संरक्षण देकर बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

गांव वालों से आगे पानी के लिए बात करने पर पाया गया कि अभी भी पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। इस बारे में एसएन पांडे से पूछने पर उन्होंने ईश्वर दास वैष्णव जो इस समय वहां पर इस कार्य को देखरेख कर रहे हैं, उन्होंने कहा मुझे नहीं पता किस बारे में। मैं अभी-अभी आया हूं, इस प्रकार के आखिर जवाब का जनता, गांव वाले क्या मतलब निकाले, कब तक लोगों को ऐसे ही जवाब मिलते रहेंगे। लोगों से बात करने पर यही प्रतीत होता है कि लीपापोती का खेल शुरू हो गया है। भ्रष्टाचार के गड्ढे को पाटने की कार्रवाई भी ईश्वर दास वैष्णव द्वारा शुरू कर दी गई है।

ईश्वर दास वैष्णव जो कि उप अभियंता है, इनकी मूल पदस्थापन खैरागढ़ सब डिविजन में है, किंतु कार्यपालन अभियंता एसएन पांडे से नजदीकी संबंध होने के चलते विगत 3 वर्षो से भी अधिक समय से अपने मनचाहे स्थान पीएचई डोंगरगढ़ सब डिविजन के अंतर्गत छुरिया में उप अभियंता का कार्य कर रहे हैं। राजनांदगांव धीरी प्रोजेक्ट में उन्हें सहायक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार भी एसएन पांडे की कृपा से प्राप्त है। क्योंकि शासन के स्पष्ट आदेश है कि जिसकी जहां मूल पदस्थापन है, वहीं कार्य करेगा। शासन ने संलग्नीकरण पूर्णता समाप्त कर दिया है। तत्पश्चात भी कार्यपालन अभियंता एसएन पांडे द्वारा अटैचमेंट का खुला खेल शासन के आदेश को धत्ता बताकर संलग्नीकरण का खेल खेला जा रहा है। धीरी ईरा जल योजना प्रोजेक्ट में ईश्वर दास वैष्णव को एसडीओ का अतिरिक्त प्रभार देना वहां किए गए भ्रष्टाचार पर लीपापोती करने के नियत से किया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है, आखिर कब तक गांव वाले अपने को पानी के लिए ठगा महसूस करते रहेंगे। क्या ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कभी लगाम लगाई जाएगी, लोगों की हितों की रक्षा करने के लिए।

भरदा में वाद विवाद के चलते युवक की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी दौवा सिंह साकिन उरला दुर्ग मोहन नगर ने थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25 जुलाई को अपने भाई योगेन्द्र सिह राजपुत तथा बडे मम्मी का लडका पप्पु ऊर्फघनश्याम राजपुत के साथ भरदाकला अपने मामा राजेश सिह चंदेल के यहां दोपहर करीब 3 बजे आये तथा वही रूके थे वह तथा योगेन्द्र सिह दोनो मामा राजेश सिह के यहां बैठे थे तथा रात करीब 08 बजे हल्ला हुआ कि देवराज साहू के किराना दुकान के सामने पप्पु का झगड़ा हो रहा है, तब अपने भाई योगेन्द्र सिह के साथ दौडते देवराज साहू के किराना दुकान के पास गये तो देखे कि मेरे भाई पप्पु ऊर्फ घनश्याम को देवराज साहू व उसका लड़का योगेश्वर साहू तथा नरेश साहू एवं देवराज का साला बैसाखु लोग मिलकर लोहे के पाईप एवं डण्डा से मारपीट कर रहे थे तब अपने भाई योगेन्द्र सिह के साथ पहुंचे तथा पूछे मारपीट क्यों कर रहे हो तब देवराज साहू बोला मेरे दुकान मे आकर गाली बक रहा था।

60 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला को मजदूरी भुगतान नहीं, जिम्मेदार मौन

देवभोग/नवप्रदेश। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते पिछले 2 माह से 60 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला को रोजगार गारंटी के तहत किए गए मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाया है जबकि हर सप्ताह सचिव रोजगार सहायक से मेहताना के लिए गुहार लगाया जाता है। मगर ऑनलाइन भुगतान होने का हवाला देकर जिम्मेदार अपना पल्ला आसानी से झाड़ लेते हैं। मामला ग्राम पंचायत भत राबहली का है जहां 60 वर्षीय बूंदा बाई ने अपने ही मेड़बंदी कार्य पर 1 सप्ताह मजदूरी किया ।वह भी बमुश्किल पंचायत प्रतिनिधियों ने करने दिया। उसके बाद से साफ-साफ काम करने के लिए मना कर दिया गया। मगर 1 सप्ताह काम का मजदूरी भी अब तक बूंदाबाई को नहीं मिल पाया है। जिसके चलते बूंदाबाई को पंचायत के चक्कर काटना पड़ रहा है। क्योंकि स्थिति इतनी अच्छी नहीं की मुख्यालय आकर अधिकारियों से शिकायत किया जा सके। हालांकि कई मजदूरों की मजदूरी भुगतान को लेकर प्रोसेस में होने की बात कहीं जाती है। ऐसे में बुंदबाई को और लंबा समय इंतजार करना पड़ सकता है। मतलब रोजगार सहायक की उदासीनता का खामियाजा गांव के मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि अधिकांश पंचायतों में मजदूरों की मस्ट्रोल जमा करने के तीन दिवस भीतर एफ टी ओ के माध्यम से मजदूरी भुगतान हुआ है लेकिन इस पंचायत के जिम्मेदार द्वारा लेटलतीफमस्टरोल जमा करने के चलते मजदूरों के हाथ खाली के दौरान पैसा नहीं मिल पा रहा है। जिसकी चर्चा पंचायत के बैठक में कई बार हो चुकी है। मगर कार्यप्रणाली में किसी प्रकार सुधार देखने को नहीं मिलता है। तभी पंचायत के कईयों जॉब कार्ड धारियों को मजदूरी भुगतान नहीं हो पाया ।ऐसे में करो ना कॉल को देखते हुए हर मजदूरों के हाथों में पैसा देने की मंशा अधिकारियों की किस तरह पूरा किया जा सकता है।

समन्वयक ने पारा मोहल्ला क्लास का आकस्मिक निरीक्षण किया

भाटापारा/नवप्रदेश। सोमवार को पारा मोहल्ला क्लास का अनिवार्य निरीक्षण रूटीन के तहत शासकीय प्राथमिक शाला एवम पूर्व माध्यमिक शाला बिजराडीह व कलमिडीह में पारा मोहल्ला क्लास का राजेशकुमार शर्मा समन्वयक एवम धिरेन्द्र सिसोदिया संकुल प्राचार्य की सुयुक्त टीम के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें यदु सामाजिक भवन। 1 में कविता साहू व राजकुमारी साहू एवम यदु भवन। 2 में अनिरुद्ध लहरे व गोंड़ सामाजिक भवन में महेश शर्मा प्रधान पाठक द्वारा अध्यापन कराते हुए पाया गया। अध्यापन कार्य व बच्चों की उपस्थिति से दोनो सन्तुष्ट भी हुए साथ ही समन्वयक सर ने कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए पारा मोहल्ला क्लास में अध्यापन कराने काआवश्यक निर्देश भी दिया गया।

धार्मिक और पयर्टक स्थल मदकू द्वीप में चलेगा वर्ष भर रामायण गान

भाटापारा/नवप्रदेश। श्रावण मास मे राम नाम सुमिरन एवं राम चरितमानस पठन एवं श्रवण की विशेष महत्ता प्रतिपादित है, और इसका दृश्य श्रावण मास मे घरों तथा मंदिरों मे दिखाई भी देता है, इस वर्ष हरि एवं हर की मिलन स्थली मानी जाने वाली प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मदकू द्वीप मे भी इस अनुपम भक्ति झांकी वर्ष भर अखंड श्री रामचरित मानस के पाठ के रुप मे नजर आ रही है।

श्रावण के प्रथम दिन से प्रारंभ

वर्ष भर नित नये आयोजनों की कडी कुछ वर्षो मे मदकू द्वीप मे निरंतर नजर आती है, जिसके चलते लोगों का इस भव्य तीर्थ स्थल मे आने का सिलसिला वर्ष भर जारी रहता है, भाटापारा से भी बड़ी तादाद मे श्रद्धालुओं एवं मदकू द्वीप सेवा समिति मे सेवा कार्य हेतु भागीदारी नजर आती है, इसी परिप्रेक्ष्य मे करपात्री महाराज के अनुयायी तथा मदकू द्वीप सेवा समिति के सदस्य राकेश उपाध्याय से चर्चा करनें पर उन्होने बताया कि अमरकंटक से आये रामरुप दास महात्यागी जी महाराज जिनका मदकू द्वीप मे लगभग दो वर्ष पूर्व आगमन हुआ, उसके बाद मदकू द्वीप मे उनके कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से क्षेत्र मे धार्मिक आयोजनों की सक्रियता ज्यादा बढी, उनका कहना है कि श्रावण मास से रामचरित मानस का अखंड वार्षिक पाठ का आयोजन

उन्ही की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मे प्रारंभ हुआ है।

30 सदस्यों की टीम करेगी पाठ

बाबा की कुटिया मे आयोजित अखंड रामचरित मानस पाठ के संबध मे राकेश उपाध्याय द्वारा बताया गया कि वर्ष भर चलने वाले रामचरित मानस के पाठ के सुचारु संचालन के लिए तीस सदस्यीय टीम अपनी सेवा दे रहें है, जो बारी बारी से रामायण पाठ की गतिविधि को जारी रखेंगे, साथ ही साथ उन्होने यह भी बताया कि यदि कोई श्रद्धालु भक्तजन भी इस पाठ मे शामिल होना चाहतें है तो वह भी मानस पाठ मे सहभागिता निभा सकतें है।

भाटापारा में उत्साह का माहौल

भाटापारा से लगभग 12-13किलोमीटर दूर स्थित मदकू द्वीप मे आस पास के अन्य जिलों के लोगों का भी गहरा जुडाव है, जिसकी बानगी विभिन्न आयोजनों मे बड़ी संख्या मे भागीदारी के रुप मे स्पष्ट रुप से नजर आती है, कुछ वर्षो से भाटापारा के भक्तजनों का बड़ी संख्या मे मदकू द्वीप से जुडाव परिलक्षित हो रहा है, श्रावण मास के प्रथम दिन से प्रारंभ हुए अखंड रामचरित मानस पाठ जो कि वर्षभर चलेगा, इस संकल्पित महा आयोजन के लिए भी भाटापारा वासियों मे जबर्दस्त उत्साह का वातावरण दिखाई दे रहा है, तथा इस महा आयोजन मे लोगों की भागीदारी मदकू द्वीप मार्ग मे पडने वाले एनिकट मे जल स्तर घटने एवं मार्ग खुलने के बाद बढने की संभावना है।

तबादला | पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कुल 10 लोगों का तबादला

नौ थाना प्रभारी बदले, मनीष को बालोद, कुमार को रनचिराई की कमान, रोहित अब संभालेंगे साइबर सेल

बालोद/नवप्रदेश। नए एसपी सदानंद कुमार ने बालोद पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल कर दिया है। लंबे समय के बाद कई थाना प्रभारियों का प्रभार एक थाना से दूसरे थाना में किया गया है। बता दें कि नए एसपी के जॉइनिंग से पहले पूर्व एसपी ने आरक्षक, प्रधान आरक्षक, उप निरीक्षकों का भी तबादला किया था। तो वहीं थाना प्रभारियों की तबादला सूची प्रतीक्षा में थी। जिस पर अब मुहर लग गई है।

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कुल 10 लोगों का तबादला किया गया। जिसमें 9 निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक है। बालोद में पदस्थ रहे उप निरीक्षक शिशिर पांडे को थाना प्रभारी अर्जुन्दा बनाया गया है। वही बड़े फेरबदल की बात करें तो डौंडीलोहारा के टीआई रहे मनीष शर्मा को बालोद थाना प्रभारी बनाया गया है। तो वही गुंडरदेही के टीआई रहे रोहित मालेकर को साइबर सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

यातायात प्रभारी राम सत्तू सिन्हा को आरक्षित केंद्र बालोद शिफ्ट किया गया तो वही बालोद के थाना प्रभारी रहे गैंदसिंह ठाकुर को अजाक थाना प्रभारी बनाया गया। अर्जुंदा के कुमार गौरव साहू को रनचिराई भेज दिया गया है। गुरुर के अरुण नेताम लोहारा टीआई बनाए गए हैं। दिलेश्वर चंद्रवंशी रनचिरई प्रभारी को गुरुर का प्रभारी बनाया गया है। नवल किशोर कश्यप आजाक प्रभारी को यातायात प्रभारी बना दिया गया है। तो वही भानु प्रताप साव को रक्षित केंद्र बालोद से अब थाना प्रभारी गुंडरदेही नियुक्त किया गया है। इस तरह बड़े फेरबदल हुए हैं।

पढ़िए कुछ पुराने प्रभारियों के कार्यशैली की समीक्षा

कुमार गौरव साहू- कुमार गौरव साहू जिन्हें पहले दल्ली राजहरा का थाना प्रभारी नियुक्त किया था वे पहले क्राइम ब्रांच टीम के प्रभारी थे। स्पेशल स्क्वायड टीम में देखते थे और आज भी बड़े अपराध होने पर स्पेशल टीम में वे नेतृत्व करते हैं। कई मर्डर केस उन्होंने सुलझाएं। अर्जुंदा थाना में पदस्थ रहने के बावजूद उनकी समय-समय पर दूसरे इलाकों में बड़े अपराधों की छानबीन में भी ड्यूटी लगाई जाती थी। अर्जुंदा में भी उन्होंने कई गंभीर केस में आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की थी।

रोहित मालेकर- बालोद जिले में अगर आदर्श थाना की बात करें तो वर्तमान में एकमात्र थाना है गुंडरदेही। इसे आदर्श बनाने की दिशा में अगर किसी का अहम योगदान है तो वह है वहां के थाना प्रभारी रोहित मालेकर का।

जो लगातार अपराधों की रोकथाम के अलावा नए-नए नवाचार के जरिए लोगों को सामुदायिक पुलिस से जोड़ते हैं और साइबर क्राइम के प्रति सचेत रहने के लिए अभियान चलाते रहते हैं। उनके दक्षता को देखकर कि एसपी ने अपने साइबर सुरक्षा के नए अभियान नेतृत्व करने के लिए उन्हें साइबर सेल का प्रभारी बनाया है। अब वे बालोद में साइबर अपराधों में आरोपियों को पकड़ने तकनीकी चीजों का सहारा लेकर काम करेंगे।

मनीष शर्मा- डौंडीलोहारा के थाना प्रभारी मनीष शर्मा को अब जिला मुख्यालय बालोद का प्रभारी पदस्थ किया गया है। अपनी बेहतर कार्यशैली से उनकी पहचान हर थाना क्षेत्र बनी, जहां जहां वे पदस्थ रहे।इसके पहले वे गुरुर में पदस्थ थे। लोहारा से बालोद आ रहे हैं। कई केस सुलझाने में भूमिका निभाई है।

गैंदसिंह ठाकुर- बालोद जिला मुख्यालय के थाने की अब तक कमान समाने वाले प्रभारी गैंदसिंह ठाकुर को आजाक थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस कोरोना काल में उन्होंने बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था संभाली, कोरोना से जंग जीत कर दुबारा मोर्चा संभाल कर काम करते रहे। आरोपियों को पकड़ने में भी सफलता पाई। उनकी कार्य कुशलता को देखते हुए उठें अजाक में ही पदस्थ किया गया है। तो मजाक थाना के प्रभारी रहे नवल किशोर कश्यप को यातायात का प्रभारी बनाए गए तो दूसरी ओर यातायात के प्रभारी रहे राम सत्तू सिन्हा को अब रक्षित केंद्र भेज दिया है।

शिशिर के लिए बड़ी जिम्मेदारी, उपनिरीक्षक से अब थाना प्रभारी

वहीं बालोद थाने में पदस्थ वर्तमान को उपनिरिक्षिक शिशिर पांडे को अब अर्जुन्दा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। शिशिर को थाना देकर उनकी जिम्मेदारी बढ़ाई गई है तो उसे वे उपलब्धि भी मानते हैं। क्योंकि उन्हें चुनौतियां स्वीकार करना पसंद है। शिशिर का कहना है काम करना अच्छा लगता है और बहुत कुछ सीखने का मौका भी मिलता है। अब तक वे एक थाना प्रभारी के निर्देशों का पालन करते काम कर रहे थे। अब खुद एक थाना प्रभारी के रूप में अर्जुन्दा थाने को हैंडल करने जा रहे हैं। यह सीखने का नया अवसर और फिर पुलिसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का भी है।

शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय भक्तों ने मांगी महामारी को खत्म करने दुआ

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भक्त भगवान शंकर के मंदिर में पहुंचकर इस कोरोना महामारी को जड़ से खत्म करने जहां दुआ मांगी वही मंदिरों में भगवान शंकर के जयकारे भी गूंजने लगे हालांकि कोरोना काल के चलते इस बार भक्तों की ज्यादा भीड़ मंदिरों में नहीं दिखी वहीं मंदिर पहुंचे हुए भक्तों ने नियमों का पालन करते हुए भगवान शंकर का पूजा अर्चना किया सावन मास शुरु होते ही भोलेनाथ के जयकारे की गूंज अब सुनाई देने लगे हैं। श्रावण मास के पहले सोमवार को मंदिरों में भक्त पहुंचे व मंदिर समितियों द्वारा सोमवार की विशेष तैयारी में जुटे रहे। साथ ही कोरोना काल के चलते सभी भक्त नियमों का पालन करते हुए प्रभु का दर्शन लाभ प्राप्त किए ज्ञात हो की श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने पदयात्रा का आयोजन किया जाता है लेकिन कोरोना के चलते इस बार यह आयोजन नही हो पाया। प्रशासन सहित आम जनता इस पदयात्रा में शामिल होते थे। जिले में पुरे सावन भर विशेष पूजा अर्चना किया जाता है। वहीं जिलेभर व आस पास के

जिले के बोलबम समिति भोरमदेव में पहुंचकर जल अभिषेक करते थे। इसके लिए प्रशासन व मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था करती रही है। कई बोल बम समिति के सदस्य अमरकंटक से जल लेकर नगर के बूढ़ा महादेव मंदिर व भोरमदेव मंदिर के शिवलिंग में अभिषेक करने पहुंचते थे। जिनके लिए रास्तों में आराम करने व रुकने की व्यवस्था समाजिक संस्था द्वारा किया जाता था। पुरे माह भर जिले में भक्तिमय वातातरण रहता है। लेकिन कोरोना काल ने अब पूरे नियम ही बदलते नजर आ रहा हे क्योंकि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है ,आज भी लोग इस महामारी से जूझ रहे है,खैर बहुत से भक्तो ने घर पर ही भगवान शंकर की विशेष पूजा अर्चना की वही देश की समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना की इस बार बोल बम जाने वाले पदयात्रीयो में काफी मायूसी देखी गई क्यों वे प्रत्येक वर्ष अमरकंटक से मां नर्मदा का जल कावर में लेकर पद यात्रा करते हुए जलेश्वर महादेव, भोरमदेव, तथा पंच मुखी बूढ़ा महादेव मंदिर पहुंच कर जल अभिषेक किया करते थे लेकिन इस बार अनुमति नही मिलने से कावरिया पद यात्रा में नही जा पा रहे है जिससे उनमें मायूसी बनी हुई है ,आज भोरमदेव मंदिर में भक्तो ने भगवान बोले नाथ से इस महामारी को दूर करने की प्रार्थना की वही देश की खुशहाली की कामना की , सुबह से ही मंदिर में भगवान बोले नाथ के जयकारे गूंजने लगे ।

खाद के लिए चक्कर काट रहे किसान

खाद के क़िल्लत के बीच किसान धान के पौधों में हरियाली लाने यूरिया खाद के नाम पर बड़ा कीमत चुका रहे

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। खरीफ़ फ़सल सीजन में इस साल अन्नदाता के सामने फ़सल लगाने से लेकर फसल तैयार करने तक कि चुनोतियाँ है। किसान धान बीज की क़िल्लत के बावजूद जैसे-तैसे फ़सल लगा लिए अब वर्तमान में किसान खाद के लिए चक्कर काट रहे है। खरीफ सीजन में खाद को लेकर किसान खुलेआम लूट के शिकार भी हो रहे है। खाद के क़िल्लत के बीच किसान धान के पौधों में हरियाली लाने यूरिया खाद के नाम पर बड़ा कीमत चुका रहे है।

किसान पहले ही सोसायटी में यूरिया खाद के साथ लादन में वर्मीकम्पोस्ट खाद अनिवार्यता के साथ खरीदने को मजबूर हुए है। तब भी किसान सहकारी समितियों से यूरिया खाद खरीदने को तैयार है किंतु समितियों में किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो रहे है। अब किसान निजी क्षेत्र के कृषि केंद्रों में खाद खरीदने को मजबूर है,जिसका सीधा फायदा व्यापारी उठा रहे है। व्यापारियों ने भी यूरिया खाद के साथ लादन देने की बाध्यता किसानों के सामने रख दी है। अब जबरन में किसान लादन के साथ यूरिया खाद व्यापारियों से खरीदने मजबूर है। व्यापारियों ने तो बकायदा यूरिया के साथ लादन कि एकमुश्त क़ीमत तय भी कर लिया है। 700 से 750 रुपया तक के क़ीमत पर एक बोरी यूरिया खाद और लादन में जिंक(जाइम) किसानों को बेचा जा रहा है। जबकि यूरिया खाद मात्र की सहकारी समितियों में 266 रुपया क़ीमत निर्धारित है। इस तरह से किसानों को यूरिया खाद के नाम पर खुलेआम व्यापारियों के द्वारा लुटा जा रहा है। इन सब के बीच प्रशासन मूकदर्शक बने हुए है। खाद के नाम पर खुलेआम कालाबाजारी हो रही है किसान लूटे जा रहे है।

किसानों को फ़सल में हरियाली बिखरने के लिए बड़ा क़ीमत खाद के रूप में चुकाने पड़ रहे है। गरियाबंद जिले के किसान ईश्वर बिंझेकर ने बताया कि सोसायटी से 2 बोरी यूरिया खरीदी करने पर लादन भी उन्हें थमा दिया गया जिसकी उन्हें जरूरत ही नहीं था। किसान सन्तु साहू ने इस सबंध में बताया कि उन्होंने कृषि केंद्र के एक व्यापारी से 6 बोरी यूरिया खाद खरीदे है लेकिन उन्हें लादन में उतने ही पैकेट जिंक(जाइम) भी जबर्दस्ती खरीदने पड़े है। इस तरह से किसान डबल से भी अधिक कीमत यूरिया खाद पर चुका रहे है। कुछ व्यपारी तो लादन की अनिवार्यता हटाने के बाद यूरिया खाद की क़ीमत में अनावश्यक वृद्धि कर बेच रहे है ऐसे में किसान बेवज़ह अधिक क़ीमत देने से बचने लादन ही खरीद रहे है।

पत्नी की बेरहमी से हत्या के आरोपी गिरफ्तार

- **पत्नी के शराब पीने से था परेशान आये दिन होती थी कलह, घटना की रात भी दोनो में हुई थी लड़ाई**

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। नेरली ग्राम के महारापारा में उस वक्त सन्नाटा छा गया जब गाँव के ही एक युवक चमरू तेलाम ने अपनी ही पत्नी की गला मरोड़कर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतिका के परिजन पहुंचे तो पहले आरोपी ने गुमराह करते हुए परिजनों को बताया कि महिला शराब के नशे में कही गिर गयी थी व उसके बाद पति द्वारा उसको गोली खिलाई गयी जिससे महिला की मौत होगी।

परिजनों के मुताबिक महिला के चेहरे,गले व सर पर चोट के निशान थे जिसके बाद परिजनों को शक हुआ। मृतिका के भाई धन्नू तामो ने घटना को लेकर बचेली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस जांच के मुताबिक घटना की रात दोनो पति पत्नी में झगड़ा हुआ जिससे मृतिका के चेहरे,आंखों,गले पर चोट के निशान थे। मृतिका के शव का पंचनामा कर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की गई जिसके बाद पुलिस के समक्ष आरोपी ने अपना जुर्म कबुल कर लिया है।

आरोपी ने पुलिस में बयान दिया। मृतिका द्वारा युवक के उंसके मां के साथ मे सम्बन्ध होने की बात पर आक्रोशित होकर युवक ने घटना की दिया अंजाम।

आरोपी को धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है,इस कार्यवाही में एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में टीआई अमित पाटले, एसआई केशव ठाकुर, एएसआई के.सीमाचलम की सराहनीय भूमिका रही।

रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग की बड़ी लापरवाही

प्रशिक्षण अधिकारियों के पदोन्नति में किया जा रहा मजाक : पूरन सिंह पटेल

- **9 वर्ष उपरांत भी प्रशिक्षित अधिकारियों की पदोन्नति नही की जा रही है**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद । प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष पूरन सिंह पटेल ने राज्य शासन के ऊपर नियमानुसार पदोन्नति नही करने के आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि विभिन्न आईटीआई में कार्यरत प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार हेतु काबिल बनाया जाता है किंतु इन्हीं प्रशिक्षण अधिकारियों के पदोन्नति को लेकर विभाग के उच्च अधिकारी गण लंबे अरसों से चुप्पी साधे हुए हैं एवं प्रशिक्षण अधिकारियों को पदोन्नति न देकर उनका मजाक बनाया जा रहा है । वर्ष 2013 में प्रदेश के विभिन्न शासकीय आईटीआई में बीई, डिप्लोमाधारी एवं आईटीआई होल्डर की भर्ती प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में किया गया। बीई, डिप्लोमा धारी प्रशिक्षक क्रमशः वर्ष 2019 एवं 2020 से पदोन्नति हेतु पात्र हो चुके हैं 7 छत्तीसगढ़ शासन के प्रचलित सेवा नियमानुसार बीई, डिप्लोमाधारी एवं आईटीआई होल्डर प्रशिक्षकों को क्रमशः 6, 7 एवं 8 वर्ष के कार्यानुभव उपरांत पदोन्नति देने का नियम बना है, किन्तु 9 वर्ष पूरे होने के बाद भी प्रशिक्षण अधिकारियों को पदोन्नति से वंचित रखा गया है जो विभाग की घोर लापरवाही एवं गैरजिम्मेदारी को दर्शाता है । वर्तमान में लगभग 150 पद रिक्त होते हुए भी विगत तीन वर्षों से विभाग में कोई नति नही किया गया है जबकि शासन के नियमानुसार प्रति वर्ष डीपीसी आयोजित कर पदोन्नति किया जाना अनिवार्य है, किन्तु विभाग द्वारा अंतिम बार अप्रैल 2018 में डीपीसी की बैठक आयोजित कर 54 प्रशिक्षण अधिकारियों को प्रशिक्षण अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया था । तत्पश्चात से आज पर्यन्त तक पदोन्नति नही की गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में प्रशिक्षण अधीक्षक के 113 पद रिक्त थे तथा लगभग 60 इंजीनियरिंग डिग्रीधारी प्रशिक्षण अधिकारी पदोन्नति हेतु पात्र हो चुके थे, जिनकी पदोन्नति की जानी थी, विभाग की अनदेखी के कारण संबंधित वर्ष विभागीय पदोन्नति हेतु बैठक ही आयोजित नहीं की गई । वर्ष 2020 में प्रशिक्षण अधीक्षक के कैडर में रिक्तियाँ बढ़ कर 124 हो गयी तथा इस दौरान सी.टी.आई. किये

हुए समस्त बी.ई. एवं डिप्लोमाधारी प्रशिक्षण अधिकारी पदोन्नति हेतु पात्र हो चुके थे, जिनकी कुल संख्या लगभग 120 रही होगी । पदोन्नति हेतु डीपीसी आयोजित नहीं किये जाने से कई प्रशिक्षण अधिकारियों ने डीपीसी आयोजित करने हेतु अभ्यावेदन दिए, किन्तु विभागीय उच्च अधिकारी नींद से नहीं जागे । इस प्रकार जानबूझ कर पदोन्नति न देकर प्रशिक्षकों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है जिसके कारण ये प्रशिक्षक गण मानसिक रूप से बहुत पीड़ित हैं एवं आर्थिक क्षति भी सहन कर रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव प्रशिक्षकों के कार्यकुशलता पर पड़ रहा है । उच्च न्यायालय के आदेशों की हो रही अवहेलना माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा भी बीई एवं डिप्लोमाधारी प्रशिक्षकों के पदोन्नति हेतु विभिन्न आदेश पारित किए जा चुके हैं तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम-2003 का नियम 6(4) को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति करने के निर्देश दिए है, किंतु विभाग उच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों में प्रदाय समय-सीमा पर भी पदोन्नति न करके उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है।

क्या है छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम-2003 का नियम 6(4) छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम-2003 के नियम 6(4) के अनुसार विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक प्रतिवर्ष आयोजित की जानी चाहिए 7 तथा यदि विगत कई वर्षो से पदोन्नति नही की गई हो तो विभागीय पदोन्नति समिति पूर्व के वर्ष से प्रारंभ करते हुए आगे प्रत्येक वर्ष की रिक्तियों के आधार पर संबंधित वर्ष पदोन्नति हेतु पात्र होने वाले कर्मचारियों की वर्षवार पृथक-पृथक चयन सूची तैयार करेगी ।

नक्सलगढ़ की आड़ पर हुई सिंचाई के नाम करोड़ो की अनियमितता: आशुतोष पांडेय

निर्माण कार्यो की अंदरूनी क्षेत्रो की सूचना के अधिकार के तहत भी नही दी जा रही जानकारी : आप नेता

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागाँव। मंगलवार 27जुलाई को आप पार्टी के प्रदेश सहसंयोजक आशुतोष ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर जिला प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाते अंदरूनी नक्सल क्षेत्रो में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार करने की बात कही है।

आप नेता ने कहा कि विशेष कर नक्सल क्षेत्र की आड़ में विकास के नाम पे लूट को अंजाम दिया गया है।

आप नेता आशुतोष ने कहा कि पूर्व कलेक्टर के कार्यकाल में करोड़ो की लूट विकास के नाम पे की गई , कहीं रातो रात पुल बांध दिया तो कहीं कागज़ो पर सड़के दिखा पैसे आहरित हो गए।

अति संवेदनशील क्षेत्र कुएनमारी जो बॉक्साइड की खदान के लिए भी जाना जाता है उस क्षेत्र में सैकड़ों कुंए खोदे गए सिंचाई और पेय जल के नाम पर लेकिन केवल कागज़ी आंकड़ो व धरातल पर जमीन आसमान का अंतर है।अद्भुत यह की कुओं के नाम पे गड्ढे खोद कर जनता के मद की लूट की गई वही आसुतोष ने कहा कि वर्ष 2019-20 खुद को आदिवासियों का मसीहा बताने वाले पूर्व कलेक्टर को यह दिखाई नहीं पड़ा की कुओं के नाम पे केवल गड्ढे खोदे गए व करोड़ो रूपए की लूट की गई अब इस लूट में सहभागिता किन किन अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की थी यह जांच का विषय है व जांच के बाद ही वास्तविकता सामने आ सकेगा।

वही आप नेता ने कहा कि कुएमारी क्षेत्र लोगो के आमंत्रण पर जब आप पार्टी की टीम मौके पे पहुंची तब इन कुओ।के नाम पर किये गढ्ढो की जानकारी सामने आई मौके पर पहुंच से ग्रामवासियों से पता चला कि लगभग सभी खेतो में यह गड्ढे खोदे गए और इन गड्ढों को खोदने की जिम्मेदारी भी ग्राम वासियों को दी गई थी मनरेगा के माध्यम से गड्ढों को खुदवा कर रोजगार भी दिया और इस लूट का अवॉर्ड भी लिया।

नहीं मिला आप नेता को सूचना के अधिकार के तहत जानकरी, केवल पत्र हस्तान्तरित का दिखाया शिगूफा

आप नेता आसुतोष ने कहा कुएमारी में अनियमितता की जानकारी मिलने पर हमने इस योजना की पूरी जानकारी लेने जिला पंचायत को सूचना के अधिकार से जानकारी मांगी परन्तु विभाग में आज तक कोई जानकारी नहीं प्रदान की केवल पत्रहस्तांतरित का सिगुफा दिखाया गया । अतः पार्टी ने तय किया की प्रेस के माध्यम से जनता और सरकार दोनो को कुए मारी के कुओं या गड्ढों के दर्शन करवाए जाए और विकास के नाम पे पूर्व कलेक्टर और उनकी टीम की लूट की कहानी सबके सामने आए ।

राष्ट्रीय स्तर पर वीआईपी फाउंडेशन द्वारा शिक्षिका ऋतु वर्मा को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि

खरोरा। बच्चों के विकास के लिए अपने उत्कृष्ट और नवचारी कार्यों से अपने जिले का नाम राज्य स्तर पर पहचान बना चुके नवचारी शिक्षिका श्रीमती ऋतु वर्मा ने बलौदा बाजार जिले का नाम मान बढ़ाया है। वोडाफोन, आईडिया फाउंडेशन की ओर से देश के बेहतरीन शिक्षकों की प्रोत्साहन एवं दक्षता निखार के लिए चलाए जा रहे वोडाफोन आईडिया स्कॉलरशिप 2021 के लिए नवचारी शिक्षिका ऋतु वर्मा का चयन हुआ है । वे सिमगा विकास खंड के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में हथबंद में पदस्थ हैं । इस योजना में चयन होने पर 1लाख रुपये का प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है । वोडाफोन आईडिया फाउंडेशन की ओर से इस स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। अपलोड की किये गये डॉक्यूमेंट के आधार पर कुछ शिक्षकों चयन करके लाइव वीडियो कॉल के माध्यम से इंटरव्यू हुआ ।

अब आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया जायेगा

- **गरम भोजन प्रदाय किया जायेगा**

गरियाबंद। कोविड-19 के कारण 22 मार्च 2021 से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बंद रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों के घर पहुंचाकर सूखा राशन प्रदाय किया गया है। बच्चों के पोषण स्तर को बनाये रखने एवं स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से दो सेवाओं को पुनः 26 जुलाई से प्रारंभ किये जाने का निर्देश प्राप्त हुए है। जिसमें दोपहर का पोषण आहार पूर्ववत् गरम भोजन के रूप में प्रदाय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का संचालन करना। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि गरियाबंद जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा गरम भोजन प्रदाय करने हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश, एसओपी एवं कोविड-19 के सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 26 जुलाई 2021 से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रारंभ किया गया है।

ग्राम पंचायत बैहार में ,गौण खनिज मद से शांति चौक रंगमंच निर्माण कार्य

खरोरा। स्वीकृति राशि 2:00 लाख रु.,राष्ट्रीय पुरस्कार से प्राप्त प्रोत्साहन राशि 2:00लाख रु.से प्रवेश द्वार निर्माण कार्य, राष्ट्रीय पुरस्कार से प्राप्त प्रोत्साहन राशि 1:00लाख एवं 15 वे वित्त योजना से 1:00 लाख रु. से शीशी रोड निर्माण कार्य राजीव चौक भाठापारा में भूमिपूजन केशरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, वतन अंगनाथ चंद्राकर जनपद पंचायत सदस्य आरंग के मुख्यआतिथ्य में सम्पन्न हुआ

ज्ञात हो कि राजीव चौक भाठापारा के सड़क में बारिश के दिनों में वाहन चलाना तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता हैं लगभग 25 वर्षो से झेल रहें भाटापारा वासी इस ज्वलंत समस्या से निज़ात दिलाने के लिये पंचगण सहित ग्राम वासियों ने सरपंच श्रीमती गीता साहू, जनपद सदस्य वतन अंगनाथ चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य केशरी मोहन साहू का आभार व्यक्त किया

उक्त कार्यक्रम में उपसरपंच कुमार यादव, सचिव कल्याण सिंह डहरिया, सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, वार्ड पंच धीरज साहू, शेखर साहू, सुखी राम साहू, मंजू साहू, मधु टेकराम, साहू सविता साहू, सतरूपा किशन भारद्वाज, बिसेसर आदि उपस्थित रहें।

विरोध | रैली निकालकर तहसीलदार को महामहिम राज्यपाल के नाम से सौंपा ज्ञापन

खाद बीज की कमी एवं काला बाजारी को लेकर किया गया धरना प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव। प्रदेश में खाद बीज की कमी एवं काला बाजारी को लेकर भाजपा बिलाईगढ़ विधानसभा स्तरीय बंगलाभाटा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जहा भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं बिलाईगढ़ के पूर्व विधानसभा डॉ.सनम जांगड़े, भाजपा जिला महामंत्री सुभाष जालान सहित भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। जिसमें संयुक्त रूप से वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसान हित में अपनी बात रखी। और सभी वक्ताओ ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को जमकर घेरा और सरकार चलाने में भूपेश बघेल को असक्षम बताया। वही सभा समाप्त होते ही रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुँचकर तहसीलदार करुणा अहेर को महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपे।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.सनम जांगड़े ने कहा कि किसानों की ओर राज्य सरकार की अनदेखी पर आरोपों लगाते हुए कहा कि बीते ढाई साल से छत्तीसगढ़ में किसान त्रस्त हैं,लेकिन सरकार अपने में मस्त है। कांग्रेस खुद को किसानों की सरकार बताकर केवल आम जनता से छलावा कर रही है।सरकार की नियत और नीति दोनो किसान विरोधी है, भूपेश सरकार बीज उपलब्ध कराने से लेकर खाद की व्यवस्था में नकारा साबित हुई है। आगे कहा कि भूपेश सरकार खाद का सही वितरण नहीं कर रही है, नकली खाद बेचने वाले माफिया सक्रिय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सिर्फकिसानों के हित में सभी राज्यों को खरीफसीजन 2021 के लिए उनकी मांग के अनुरूप बिना भेदभाव किए पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक भेजे हैं, लेकिन दुर्भावनावश राज्य की भूपेश बघेल सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए केन्द्र सरकार पर मिथ्या आरोप लगा रही है। केन्द्र ने न केवल राज्यों की मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति की है, अपितु किसानों को खाद बीज उचित मूल्य पर मिले इसके लिए उस पर सब्सिडी भी बढ़ाई है। प्रदेश की भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है चाहे धान खरीदी हो, कर्ज माफी हो, विकास कार्य हो, चाहे कानून व्यवस्था की बात हो आज पूरे प्रदेश में चोरी, लुट, हत्या, बलात्कार एवं भ्रष्टाचार अपनी चरम पर है। किसान के भरोसे ही सरकार मे आयी कांग्रेस किसानों को ही परेशान कर रही है जिसके कारण आने वाले 2023 के चुनाव में किसान ही कांग्रेस को सत्ता से बाहर करेगी।